

RNI.No. — GUJHIN/2012/45192

# सूरत भूमि

हिन्दी दैनिक

संपादक : संजय आर. मिश्रा

श्री 1008 महामंडलेश्वर
श्री स्वामी रामानंद दासजी महाराज
श्री रामानंद दास अन्नक्षेत्र सेवा ट्रस्ट, तपोवन आश्रम



स्व. पं. पू.1008 श्री रामानन्द जी
तपोवन मंदिर, मोरा गांव, सूरत

वर्ष-12 अंक:09 ता. 02 जूलाई 2023, रविवार , कार्यालय:114, न्यु प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेंट, डिंडोली, डिंडोली, उधना सूरत ( गुजरात ) मो. 9327667842, 9825646069 पृष्ठ: 8 कीमत: 2:00 रुपये

ho@suratbhumi.com /Suratbhumi.com /Suratbhumi /Suratbhumi /Suratbhumi /Suratbhumi


## महंगाई राहत शिविरों में मिला 1.76 करोड़ से ज्यादा परिवारों को लाभ



**जयपुर।** राजस्थान में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने के लिए आयोजित मंहगाई राहत शिविरों में अब तक 1.76 करोड़ से ज्यादा परिवार लाभान्वित हुए जबकि 7.52 करोड़ से अधिक गांरटी कार्ड वितरण हो चुके है।

प्राप्त आंकड़ों के अनुसार शुक्रवार शाम तक मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना एवं मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना में 1.30 करोड़ से अधिक रजिस्ट्रेशन हुए हैं। इसी तरह मुख्यमंत्री कामधेनु पशु बीमा योजना में 1.06 करोड़, मुख्यमंत्री निशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना में 1.03 करोड़ पंजीयन हुए।

इसी प्रकार इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना में 54.80 लाख, मुख्यमंत्री निशुल्क बिजली योजना में 92.55 लाख, मुख्यमंत्री निशुल्क कृषि बिजली योजना में 11.27 लाख, मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में 66.56 लाख एवं इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना में 4.37 लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं।

इसके अलावा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 51.20 लाख रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं।

गत 24 अप्रैल से शुरू हुई आमजन को महंगाई से राहत दिलाने की मुहिम लगातार जारी रहेगी और प्रत्येक परिवार तक राजस्थान सरकार की 10 बड़ी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए स्थाई महंगाई राहत शिविर का आयोजन जिला कलक्ट्रेट परिसर एवं पंचायत समिति मुख्यालयों पर अनवरत जारी रहेगा।

# पीएम डिग्री मामला : केजरीवाल की पुनर्विचार याचिका पर गुजरात हाईकोर्ट 21 जुलाई को करेगा सुनवाई

**अहमदाबाद।** गुजरात हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री से संबंधित मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई 21 जुलाई के लिए स्थगित कर दी है। गुजरात विश्वविद्यालय की ओर से अदालत में पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केजरीवाल द्वारा दायर प्रत्युत्तर हलफनामे को पढ़ने के लिए समय मांगा, जिसके बाद जस्टिस बीरेन वैष्णव ने सुनवाई स्थगित कर दी। सॉलिसिटर जनरल मेहता ने अदालत से कहा कि उन्हें सुनवाई शुरू होने से कुछ समय पहले ही हलफनामा मिला है, जिसमें अदालत की पिछली सुनवाई की कॉपी है। जस्टिस वैष्णव ने जब मेहता से पूछा कि क्या वह आज बहस कर सकते हैं, तो उन्होंने कहा कि केजरीवाल द्वारा दाखिल किए गए हलफनामे में जो लिखा गया है उसे पढ़े बिना यह मुश्किल होगा। मेहता ने कहा कि वरिष्ठ वकील पर्सी कविना के माध्यम से दायर केजरीवाल के हलफनामे में पिछली सुनवाई की तरह ही गैर-जिम्मेदाराना बयान हो सकते हैं। मेहता ने कहा, मुझे बहस करने में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन उन्होंने क्या कहा है, यह जाने बिना यह कठिन है। हमने इस मामले में पाया है कि शुरू से ही गैर-जिम्मेदाराना बयान दिए जा रहे हैं। हो सकता है, वे इस हलफनामे में भी हों, इसलिए मुझे इसे पढ़ लेने दें। यह पता चलने पर कि केजरीवाल के हलफनामे में पिछली सुनवाई की वीडियो रिकॉर्डिंग की प्रतिलिपि भी शामिल है, क्योंकि हाईकोर्ट की कार्यवाही यूट्यूब पर लाइव दिखाई जाती है, मेहता ने कहा, कुछ भी अप्रत्याशित नहीं है÷। इसके बाद मेहता ने स्पष्ट किया कि उनकी यह टिप्पणियां केजरीवाल के लिए थीं, कविना के लिए नहीं। इस महीने की शुरुआत में आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख केजरीवाल ने गुजरात हाईकोर्ट का रुख करते हुए मामले में अदालत के एक हालिया आदेश पर पुनिर्वचार करने का अनुरोध किया था। अदालत ने अपने





उस आदेश में गुजरात विश्वविद्यालय को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री के बारे में जानकारी प्रदान करने को केंद्रीय सूचना आयोग को निर्देश देने के अनुरोध को खारिज कर दिया था। केजरीवाल द्वारा उठाए गए प्रमुख तर्कों में से एक यह है कि मोदी की डिग्री ऑनलाइन उपलब्ध होने के गुजरात विश्वविद्यालय के दावे के विपरीत, ऐसी कोई डिग्री विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं है। मार्च में, जस्टिस वैष्णव ने सीआईसी के आदेश के खिलाफ गुजरात विश्वविद्यालय की अपील की अनुमति दी थी और केजरीवाल पर 25,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया था। अप्रैल 2016 में, तत्कालीन सीआईसी आचार्युलु ने दिल्ली विश्वविद्यालय और गुजरात विश्वविद्यालय को मोदी की डिग्री के बारे में केजरीवाल को जानकारी प्रदान करने का निर्देश दिया था। सीआईसी का आदेश केजरीवाल द्वारा आचार्युलु को लिखे पत्र के एक दिन बाद आया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि उन्हें उनके (केजरीवाल) बारे में सरकारी रिकॉर्ड सार्वजनिक किए जाने पर कोई आपत्ति नहीं है।

पत्र में केजरीवाल ने आश्चर्य जताया था कि आयोग मोदी की शैक्षणिक योग्यता के बारे में जानकारी छिपाना क्यों चाहता है। पत्र के आधार पर, आचार्युलु ने गुजरात विश्वविद्यालय को मोदी की शैक्षणिक योग्यता के रिकॉर्ड केजरीवाल को देने का निर्देश दिया था। गुजरात विश्वविद्यालय ने सीआईसी के आदेश पर आपत्ति जताते हुए कहा था कि किसी की ÷गैरजिम्मेदाराना बचकानी जिज्ञासा÷ सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत सार्वजनिक हित नहीं बन सकती है।

## यूपी के पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद की कोठी में घुसा बेकाबू ट्रक

### गेट और बाउंड्री तोड़ी

**शाहजहांपुर।** यूपी के पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद की शाहजहांपुर स्थित कोठी में अचानक बेकाबू हुआ एक ट्रक घुस गया। ट्रक ने मंत्री की कोठी का गेट और बाउंड्री को तोड़ दिया। गनीमत रही कि कोई व्यक्ति ट्रक की चपेट में नहीं आया है।

बताया जा रहा है कि कोठी के सामने एक मोड़ है जिस पर अक्सर हादसे होते रहते हैं। ट्रक का ड्राइवर संभवत÷ ट्रक को मोड़ते समय उस पर नियंत्रण खो बैठा। बेकाबू ट्रक सीधे पीडब्ल्यूडी मंत्री की कोठी में जा घुसा। शुक्रवार की देर रात इस हादसे के बाद कोठी और आसपास मोजूद लोगों में हड़कंप मच गया।

गनीमत रही कि दुर्घटना के वक्त वहां कोई मौजूद नहीं था। ट्रक की चपेट में कोई व्यक्ति नहीं आया है। मंत्री की कोठी शाहजहांपुर में कचहरी के पीछे इंदिरानगर में है। आसपास के



लोगों ने बताया कि मोड़ पर अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इस बार ट्रक सीधे मंत्री की कोठी में जा घुसा। लोगों ने कहा कि गनीमत रही कि हादसा रात में हुआ। दिन के वक्त यहां लोगों का आना जाना लगा रहता है। उन्हें खतरा हो सकता था।

## योगी आदित्यनाथ को भेजिए, 24 घंटे में ऐक्शन; फ्रांस में दंगों के बीच उठी मांग

**नई दिल्ली।** पिछले पांच दिन से फ्रांस में लगातार हिंसा का दौर जारी है। तमाम कोशिशों के बावजूद हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। इस बीच फ्रांस की स्थिति नियंत्रण में लाने के लिए वहां पर 'योगी मॉडल' की मांग उठने लगी है। यह मांग उठाई है प्रोफेसर एन जॉन कैम नाम के एक डॉक्टर ने। यह डॉक्टर एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी में एक्सपर्ट बताए जाते हैं। प्रोफेसर एन जॉन ने ट्विटर पर लिखा कि भारत को फ्रांस में शांतिपूर्ण स्थिति कायम करने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को वहां भेज देना चाहिए। उनके इस ट्वीट पर योगी आदित्यनाथ के ऑफिस की तरफ से जवाब भी दिया गया है।

**इस प्रोफेसर ने किया ट्वीट**

प्रोफेसर एन जॉन कैम ने एक ट्वीट किया है, जिसमें उन्होंने लिखा कि फ्रांस में दंगे नियंत्रित करने के लिए और हालात पर काबू पाने के लिए योगी आदित्यनाथ को भेजिए। इसके आगे उन्होंने लिखा कि माई गॉड, महज 24 घंटे में वह ऐक्शन लेकर सबकुछ सामान्य कर देंगे। प्रोफेसर ने अपने इस ट्वीट में योगी आदित्यनाथ को टैग भी किया है। इसके जवाब





में योगी आदित्यनाथ की ऑफिस की तरफ से जवाब भी दिया गया है। जवाबी ट्वीट में लिखा है कि जब भी दुनिया के किसी हिस्से में दंगा भड़कता है, कानून-व्यवस्था बदहाल होती तो दुनिया योगी मॉडल की मांग करती है। इसी मॉडल के दम पर महाराज जी ने उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था बहाल की है।

**क्या है योगी मॉडल**

बता दें कि बीते कुछ दिनों में उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था कायम रखने के लिए काफी कड़ाई हो रही है। दंगा या अन्य किसी तरह का अपराध करने वालों के घरों पर बुलडोजर चला दिया जाता है। इसको ही योगी मॉडल कहा जा रहा है। भारत में भी विभिन्न प्रदेशों में इस मॉडल को अपनाने की बातें हुई हैं। वहीं, मध्य प्रदेश समेत कुछ राज्यों में तो इस पर अमल भी हुआ है। यहां किसी तरह का क्राइम करने वाले अपराधियों के घरों पर बुलडोजर चला दिया गया है। अतीक अहमद जैसे माफिया द्वारा कब्जा की गई जमीन पर बुलडोजर चलाने के बाद वहां बने अपार्टमेंट में लोगों को बसाया गया है।

## महाराष्ट्र एक्सप्रेसवे पर बस में लगी भीषण आग

### 26 लोगों की जलकर मौत, कई घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बुलढाणा में समृद्धि महामार्ग एक्सप्रेसवे पर दिल दहला देने वाली घटना हुई है। 32 यात्रियों को नागपुर से मुंबई ले जा रही एक एसी बस में आग लग गई। इस दुर्घटना में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हैं। घायलों की स्थिति काफी नाजुक बनी हुई है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने पुलिस के हवाले से यह जानकारी दी है। डिप्टी एसपी बाबूराव महामुनि ने कहा कि घायलों को बुलढाणा सिविल अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। घटना के तुरंत बाद बुलढाणा पुलिस के डिप्टी एसपी बाबूराव महामुनि ने कहा, बस से 25 शव निकाले गए हैं। बस में कुल 32 लोग सवार थे। 6-8 लोग घायल हैं। घायलों को बुलढाणा सिविल अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। आपको बता दें कि मृतकों की संख्या अब 26 हो चुकी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, घटना देर रात दो बजे के करीब हुई है। एसी बस का ड्राइवर सुरक्षित है। एसपी ने




बताया है कि बस का टायर फटने के कारण बस पलट गई। इसी की वजह से आग लग गई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस दुर्घटना पर शोक जताते हुए मृतकों के परिजनों को पांच लाख रुपय की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

## गुजरात हाईकोर्ट से तीस्ता सीतलवाड़ को झटका, खारिज की नियमित जमानत याचिका; तुरंत सरेंडर का आदेश

**गांधीनगर।** गुजरात हाई कोर्ट ने शनिवार को तीस्ता सीतलवाड़ को तुरंत आत्मसमर्पण करने का निर्देश देते हुए उनकी पिछले साल दायर नियमित जमानत याचिका को खारिज कर दिया। सीतलवाड़ पर 2002 के गुजरात दंगों से जुड़े झूठे सबूत गढ़ने का आरोप है। सितंबर 2022 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई अंतरिम जमानत के जरिए सीतलवाड़ को अब तक गिरफ्तारी से सुरक्षा मिली हुई थी। इसके बाद उन्हें इस मामले में न्यायिक हिरासत से रिहा कर दिया गया था। वरिष्ठ वकील मिहिर ठाकोर ने सीतलवाड़ की जमानत याचिका पर जस्टिस निरजर देसाई द्वारा फैसला सुनाए जाने के बाद अदालत से 30 दिनों की अवधि के लिए फैसले के क्रियान्वयन पर रोक लगाने का अनुरोध किया, लेकिन जस्टिस देसाई ने उनके इस अनुरोध को खारिज कर दिया। सीतलवाड़ को 2002 के गुजरात दंगों के सिलसिले में निर्दोष लोगों को झूठा फंसाने की साजिश रचने के कथित आरोप में अहमदाबाद डिटेक्शन ऑफ क्राइम ब्रांच (डीसीबी) की एक एफआईआर पर 25 जून, 2022 को गुजरात पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उन्हें सात दिन तक पुलिस रिमांड में रखा गया और 2 जुलाई को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। इस मामले के सह-आरोपी पूर्व आईपीएस आरबी श्रीकुमार के साथ उनकी गिरफ्तारी 24 जून को सुप्रीम कोर्ट द्वारा विशेष जांच दल (एसआईटी) के खिलाफ मारे गए



कांग्रेस सांसद अहसान जाफरी की पत्नी जकिया जाफरी की याचिका खारिज करने के ठीक एक दिन बाद हुई थी। दंगों में साजिश रचने के आरोपों पर गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य को क्लीन चिट दे दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि कार्यवाही स्पष्ट तौर पर, गुप्त इरादे से मामले को गरम रखने के लिए की गई थी।

सर्वोच्च अदालत ने कहा था कि प्रक्रिया के ऐसे दुरुपयोग में शामिल सभी लोगों को कटघरे में खड़ा करना चाहिए और कानून के अनुसार आगे बढ़ना चाहिए। एसआईटी द्वारा दायर चार्जशीट में आरोप लगाया गया है कि सीतलवाड़ ने बड़े पैमाने पर हुई मौतों के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री (और अब प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी) और राज्य सरकार के उच्च अधिकारियों और भाजपा के शीर्ष नेताओं को फंसाने की कोशिश की। 2002 के सांप्रदायिक दंगों में मौत की सजा के साथ, झूठे सबूतों के साथ झूठा मामला स्थापित करने की साजिश रची गई।

# बारिश से दिल्ली-मुंबई बेहाल, अगले पांच दिनों में देशभर में बरसात का ऐसा रहेगा हाल

**नई दिल्ली।** लगातार हो रही बरसात ने देश के विभिन्न हिस्सों में हाल-बेहाल कर रखा है। खासतौर पर महानगरों में हालत और ज्यादा खराब हैं। दिल्ली, मुंबई समेत देश के विभिन्न शहरों में हुई बारिश के चलते लोगों का सड़कों पर चलना मुहाल हो गया है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने तो ट्विटर पर लोगों के लिए खास चेतावनी भी जारी की है। इसमें पानी भरे हुए रास्तों की जानकारी देते हुए इसी के मुताबिक अपना रूट प्लान करने के लिए कहा गया है। गौरतलब है कि दिल्ली में पीडब्लूडी ने वाटरलॉगिंग की 50 शिकायतें प्राप्त कर ली हैं।

**पांच दिनों के लिए ऐसी है भविष्यवाणी**-इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 2 जुलाई से दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में भारी से बहुत भारी बारिश की उम्मीद जताई है। उत्तर-पश्चिम भारत में 2 जुलाई तक हल्की से मध्यम बारिश जारी रहने की संभावना है, 3 और 4 जुलाई को उत्तराखंड में और 1 जुलाई को पूर्वी उत्तर प्रदेश और पूर्वी राजस्थान में भारी बारिश होने की संभावना है। मध्य प्रदेश में 2 जुलाई तक हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने शुक्रवार



को जारी बुलेटिन में कहा कि अगले पांच दिनों के दौरान कोंकण और गोवा तथा मध्य महाराष्ट्र के घाट इलाकों में और अगले दो दिनों के दौरान गुजरात राज्य में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।

**दिल्ली में ट्रैफिक डिस्टर्ब**-दिल्ली की बात करें तो बारापुला फ्लाईओवर, पंचकुइयां मार्ग, मुनिरका फ्लाईओवर के नीचे, ईस्ट विनोद नगर, नजफगढ़ में ढांसा रोड, मंडोली रोड और आईपी मार्ग पर जलभराव के कारण यातायात बाधित हो गया। साउथ एक्सटेंशन, सराय काले खां, लाजपत नगर, आईटीओ, मध्य और बाहरी दिल्ली के कुछ हिस्सों, महरौली-बदरपुर रोड और गीता कॉलोनी और अक्षरधाम मंदिर के बीच यातायात भी प्रभावित हुआ। भारी बारिश के बाद धौला कुआं और चाणक्यपुरी में भी भारी ट्रैफिक जाम की सूचना है।

**मुंबई का हाल भी बेहतर नहीं**

वहीं मुंबई में भी हालत बहुत बेहतर नहीं है। यहां मध्यम से भारी बारिश के कारण जलभराव के कारण कुछ हिस्सों में यातायात बाधित हुआ। हालांकि रेल सेवाओं पर बहुत ज्यादा असर नहीं पड़ा है। पश्चिम रेलवे के अंधेरी और जोगेश्वरी रेलवे स्टेशनों के बीच एक बिजी सबवे के आसपास पानी जमा होने के कारण दिन में दो बार ट्रैफिक रोकना पड़ा। पानी कम होने के बाद सुबह करीब 11 बजकर 45 मिनट पर वाहनों की आवाजाही बहाल की गई। अधिकारियों ने बताया कि दोपहर करीब तीन बजकर 40 मिनट पर यहां फिर से ट्रैफिक रोक दिया गया था। मुंबई यातायात पुलिस ने ट्वीट में बताया कि जलभराव के कारण अंधेरी सबवे बंद है। वहीं, ट्रैफिक विले पार्ले पुल और कैप्टन गोर मार्ग, एसवी रोड की ओर मोड़ दिया गया है। हालांकि तमाम समस्याओं के साथ भारी बारिश मुंबई के लिए कुछ राहत भी लेकर आई है। इससे यहां पर पानी की कमी की समस्या दूर हुई है। बरसात के चलते मुंबई को पानी सप्लाई करने वाली सात झीलों के वॉटर लेवल में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है।

## यूरोपीय डॉक्टर की सलाह, योगी ही रोक सकते हैं फांस में दंगे

लखनऊ। यूरोप के डॉक्टर ने फ्रांस में बढ़ते हुए दंगों को रोकने के लिए यूपी के सीएम योगी को काबिल बताया है। बता दें कि दंगों की आग में जल रहे फ्रांस को बचाने के लिए यूरोप के जाने माने डॉक्टर और प्रोफेसर एन.जॉन कैम ने भारत से एक मांग करते हुए एक ट्वीट किया है। प्रोफेसर एन.जॉन कैम ने कहा है कि फ्रांस में दंगों की स्थिति से निपटने के लिए भारत को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को वहां भेजना चाहिए। प्रोफेसर कैम को विश्वास है कि 24 घंटे के भीतर ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दंगे को शांत कर देंगे। प्रो. कैम ने ट्वीट करते हुए लिखा कि भारत को फ्रांस में दंगे की स्थिति से निपटने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ को भेजना चाहिए। और वे इसे 24 घंटे में ही रोक देंगे। इस दौरान प्रो कैम ने मुख्यमंत्री योगी के बुलडोजर एक्शन की भी सराहना की और कहा कि दंगाईयों से निपटने के लिए इससे अच्छी कोशिश नहीं हो सकती। यहां गौरतलब है कि पिछले चार दिनों से फ्रांस दंगों के आग में जल रहा है। 27 जून को ट्रैफिक पुलिस ने अल्जीरियाई मूल के 17 वर्षीय नाहेल एम को गोली मार दी थी। जिसके विरोध में दंगा भड़क उठा। इसके बाद दंगाइयों ने अब तक कई प्रॉपर्टी और घरों को नुकसान पहुंचाया गया है। हालांकि पुलिस ने 875 लोगों को गिरफ्तार किया है, लेकिन अभी भी स्थिति नियंत्रण से बाहर है।

## जान का खतरा होने पर तेलंगाना के भाजपा विधायक को मिली वाई श्रेणी की सुरक्षा

हैदराबाद । भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री एटाला राजेंद्र को एक राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी से जान को खतरा होने के दावे के बाद तेलंगाना सरकार ने वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान कर दी है। जानकारी के अनुसार अब उनकी सुरक्षा में पांच गार्ड तैनात रहेंगे। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले ही राजेंद्र की पत?नी जमुना ने आरोप लगाया था कि उनके पति को सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के एमएलसी पी. कौशिक रेड्डी से जान का खतरा है। उन्होंने कहा था कि एमएलसी उनके पति की हत्या के लिए 20 करोड़ रुपये खर्च करने को तैयार थे। विधायक की पत्नी जमुना की चिंता पर राज्यमंत्री के.टी. रामा राव ने तुरंत एक्शन लिया और पुलिस महानिदेशक अंजनी कुमार को सुरक्षा मुद्दे का समाधान करने और जांच करने का निर्देश दिया। मेडचल के पुलिस उपायुक्त जी. संदीप ने विधायक से हैदराबाद के बाहरी इलाके शमीरपेट में उनके आवास पर मुलाकात की थी और उन्हें आश्वासन दिया था कि सुरक्षा चिंताओं के संबंध में एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी और साइबराबाद सीपी स्टीफन रवेंद्र और डीजीपी को सौंपी जाएगी। चार घंटे की यात्रा के दौरान डीसीपी और उनकी टीम ने विधायक के आवासीय परिसर का निरीक्षण किया, किसी भी संभावित खतरे या आसन्न हमले के संकेत की तलाश की। गौरतलब है कि अपने परिवार द्वारा चलाए जा रहे मुर्गीपालन व्यवसाय के लिए कुछ किसानों की जमीन पर कब्जा करने के आरोपों के बाद मंत्रिमंडल से हटाए जाने के बाद राजेंद्र ने 2021 में बीआरएस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। राजेंद्र ने विधानसभा से भी इस्तीफा दे दिया था और भाजपा के टिकट पर उपचुनाव लड़ा था। उन्होंने भारी बहुमत के साथ सीट बरकरार रखी थी। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए राजेंद्र की पत्नी जमुना ने सनसनीखेज आरोप लगाया था कि बीआरएस एमएलसी कौशिक रेड्डी उनके पति की हत्या की योजना बना रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर उनके परिवार के किसी सदस्य को नुकसान होता है तो मुख्यमंत्री जिम्मेदार होंगे। इसके बाद सरकार ने उनकी सुरक्षा बढ़ाने का फैसला किया।

## अमरनाथ के दर्शन के लिए 4400 से अधिक श्रद्धालुओं का दूसरा जत्था जम्मू शिविर से कश्मीर रवाना

जम्मू। वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए 4,400 से अधिक तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था यहां के भगवती नगर आधार शिविर से शनिवार को रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्री सुबह 188 वाहनों में आधार शिविर से रवाना हुए और इसके साथ ही जम्मू आधार शिविर से अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना होने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या 7,904 हो गई है। उन्होंने कहा कि 2,733 श्रद्धालु 94 वाहनों में सुबह चार बजकर 50 मिनट पर पहलगाम के लिए रवाना हुए, जबकि 1,683 तीर्थयात्री 92 वाहनों में लगभग एक घंटे पहले बालटाल आधार शिविर के लिए रवाना हुए। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार सुबह तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को भगवती नगर आधार शिविर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। अमरनाथ के लिए 62 दिवसीय तीर्थयात्रा शनिवार को कश्मीर से शुरू हुई। इस यात्रा के लिए दो मार्ग हैं। पहला, अनंतनाग जिले का 48 किलोमीटर लंबा पारंपरिक नुनवान-पहलगाम मार्ग, जबकि दूसरा गांदरबल जिले का बालटाल मार्ग, जो करीब 14 किलोमीटर छोटा, लेकिन बेहद दुर्गम है। यात्रा में शामिल राजस्थान के सुरेंद्र जोशी (62)ने कहा, '' हम अमरनाथ के लिए यात्रा प्रारंभ करके बेहद प्रसन्न हैं। मैं हमेशा से हिम शिवलिंग के दर्शन करना चाहता था।'' भगवती नगर आधार शिविर के आसपास बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। जम्मू में 33 आवास केंद्र स्थापित किए गए हैं और श्रद्धालुओं को रेडियो फ्रीक्वेंसी पहचान (आरएफआईडी) टैग जारी किए जा रहे हैं। यात्रा पर जाने के इच्छुक लोगों को पंजीकरण कराने के लिए पांच काउंटर बनाए गए हैं और अब तक 3.5 लाख से ज्यादा लोग ऑनलाइन पंजीकरण करा चुके हैं।

## मंदिर के मंहत की गला दबाकर हत्या

अलीगढ़ । गांव नौगवां के प्राचीन शिव मंदिर पर पांच वर्ष से रह रहे महंत की अज्ञात हत्यारों ने गला दवाकर हत्या कर दी और उसके बाद शव को आग लगाकर जलाने का प्रयास किया। महंत कि हत्या की सूचना पर सैकड़ों ग्रामीण पहुंचे, पुलिस द्वारा शव उठाने को लेकर ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी कर हंगामा किया। मजरा नगला धीमर निवासी 75 वर्षीय नत्थू सिंह 8 वर्ष पूर्व घरवालों को छोड़कर साधू बन गए थे। वह तीन वर्ष तक नगला हिमाचल के महिकासुर मंदिर पर रहे और उसके बाद करीब पांच वर्ष पूर्व गांव नौगवां निवासी पूर्व प्रधान सुरेश चंद्र यादव के शिव मंदिर पर रहने लगे। शुक्रवार की रात महंत मंदिर परिसर में बने कमरे की ऊपरी मंजिल पर सो रहे थे। देर रात अज्ञात हत्यारों ने फंदा लगाकर हत्या कर दी और शव को जलाने का प्रयास किया। शनिवार की सुबह जब ग्रामीण मंदिर के ओर गए, तब वहां महंत को न देख आवाज लगाई ,परंतु उनकी आवाज नहीं आई। लोगों ने मंदिर में पीछे जाकर देखा, तब वहां शव लटका हुआ था।ग्रामीणों की सूचना पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। फोरेंसिक टीम के जांच पड़ताल करने के बाद जैसे ही पुलिस ने शव उठाने का प्रयास किया तब ग्रामीण हंगामा करने लगे।

## पेट में छिपाकर लाया था 5 करोड़ की हेरोइन, ऑपरेशन कर 10 दिन में निकली पूरी खेप

मुंबई। हाल ही में मुंबई एयरपोर्ट पर एक तस्कर करीब 5 करोड़ रुपये कीमत का मादक पदार्थ (हेरोईन) के साथ पकड़ा गया है. आश्चर्य की बात ये है कि सरकारी एजेंसियों की लाख सख्ती के बावजूद देश में अफ्रीकी देशों से मादक पदार्थों की तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही. ड्रग्स तस्कर सरकारी एजेंसियों से बचने के लिए ऐसे ऐसे तरीके अख्तियार कर रहे हैं, जिसे देखकर अधिकारी भी हैरान हैं. नशे का यह सौदागर हेरोईन की पूरी खेप किसी बैग में नहीं, बल्कि उसे अपने पेट में रखकर ला रहा था. चूंकि इनपुट पुख्ता था, इसलिए डीआरआई की टीम ने ना केवल उसे एयरपोर्ट पर ही गिरफ्तार कर लिया, बल्कि 10 दिन तक चले ऑपरेशन के बाद पूरी खेप उसके पेट से निकाल भी ली है. डीआरआई के अधिकारियों के मुताबिक आरोपी पश्चिम अफ्रीका में बेनिन का रहने वाला है. वह 21 जून को मुंबई आया था. उसके यहां पहुंचने से पहले ही उसके बारे में पुख्ता इनपुट मिल गए थे. ऐसे में उसे एयरपोर्ट पर ही रोक कर तलाशी ली गई. उस समय उसके पास से कुछ नहीं मिला. ऐसे में अधिकारियों ने अपने सूत्रों को दोबारा खंगाला. जब डीआरआई के सूत्रों ने जोर देकर ड्रग्स की पुष्टि की तो अधिकारियों ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर मेडिकल कराने की अनुमति मांगी. वहीं कोर्ट से अनुमति मिलने के टीम जब आरोपी को लेकर अस्पताल पहुंची तो पता चला कि उसके पेट में हेरोईन की पूरी खेप मौजूद है. डीआरआई के अधिकारियों के मुताबिक आरोपी ने यह पूरी खेप 43 कैप्सूल में पैक करा लिए थे और इन सभी कैप्सूलों को निगल लिया था. इस पूरी खेप की कीमत बाजार में 5 करोड़ रुपये से भी अधिक की बताई जा रही है. डीआरआई के अधिकारियों के मुताबिक जैसे ही पुष्टि हुई कि ड्रग्स की पूरी खेप आरोपी के पेट में मौजूद है तो अदालत को सूचित करने के बाद उसका ऑपरेशन कराया गया. इस ऑपरेशन में करीब दस दिन लगे. इसके बाद आरोपी के पेट से ड्रग्स की पूरी खेप निकाल ली गई है. डीआरआई के अधिकारियों के मुताबिक आरोपी के पेट का ऑपरेशन मुंबई के जेजेअस्साल में कराया गया.

# 20 जुलाई से शुरु होगा संसद का मानसून सत्र, यूसीसी पर हो सकता है फैसला



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आगामी 20 जुलाई से संसद का मानसून सत्र शुरू होने वाला है, जो कि अगले माह 11 अगस्त तक चलेगा। इस संबन्ध में संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने एक ट्वीट किया है। जोशी ने अपने ट्वीट में कहा कि संसद का मानसून सत्र, 20 जुलाई 2023 से शुरू होकर 11 अगस्त 2023 तक चलेगा। सभी दल मानसून सत्र के दौरान विधायी कार्य और अन्य विषयों पर सार्थक चर्चा में अपना योगदान दें। बताया जा रहा है कि इस बार का भी सत्र हंगामेदार रह सकता है, क्योंकि कुछ मुद्दे पहले से ही लंबित हैं और महत्वपूर्ण विधेयक भी कतार में हैं। उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो सरकार अगले महीने शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र में समान नागरिक संहिता लागू करने पर एक विधेयक पेश कर सकती है। यूसीसी विधेयक को संसदीय स्थायी समिति को भेजा जा सकता है जो समान नागरिक संहिता पर विभिन्न हितधारकों के विचार सुनेगी। सत्र का मुख्य आकर्षण उपराज्यपाल कार्यालय को अधिक प्रशासनिक शक्तियां देने वाले केंद्र सरकार के अध्यादेश को बदलने वाला विधेयक होने जा रहा है, जिसके खिलाफ आप पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल विपक्षी नेताओं से मुलाकात कर विधेयक के खिलाफ समर्थन मांग रहे हैं। कांग्रेस ने अभी तक विधेयक पर अपना रुख साफ नहीं किया है।

इस बार नए संसद भवन में सत्र आयोजित होने की संभावना है। गौरतलब है कि नए संसद भवन का उद्घाटन हो चुका है, लेकिन कुछ काम अभी भी चल रहा है। इसलिए यदि नई संसद सत्र आयोजित करने के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हो पाती है, तो इसे पुराने भवन में आयोजित करने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। हालांकि, पूरी कोशिश है कि मानसून सत्र को नए संसद में ही आयोजित किया जाए।

## महबूबा मुफ्ती ने प्रधान न्यायाधीश से अनुच्छेद 370 से जुड़ी याचिकाओं पर जल्द सुनवाई का आग्रह किया



जम्मू। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने प्रधान न्यायाधीश धनंजय वाई. चंद्रचूड़ से अगस्त, 2019 में अनुच्छेद 370 को रद्द करने को चुनौती देने संबंधी याचिकाओं पर जल्द सुनवाई करने का शनिवार को अनुरोध किया। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ फिलहाल जम्मू कश्मीर के दौरे पर हैं और उन्होंने शुक्रवार को श्रीनगर में '19वीं विधिक सेवा प्राधिकरण बैठक' में उद्घाटन भाषण दिया था। इसके एक दिन पहले वह जम्मू में नये उच्च न्यायालय परिसर के शिलान्यास समारोह में शामिल हुए थे। महबूबा ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''हम प्रधान न्यायाधीश का जम्मू कश्मीर में स्वागत करते हैं और उन्हें अनुच्छेद 370 और जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा बरकरार रखने के प्रति देश के लोगों की प्रतिबद्धता की याद दिलाते हैं।'' पीडीपी नेता ने प्रधान न्यायाधीश से अनुच्छेद 370 से जुड़ी याचिकाओं पर जल्द सुनावाई सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। महबूबा ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार ने असंवैधानिक और गैर कानूनी तरीके से अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त कर दिया था।

# हमने उन गलतियों को सुधारा हैं, जो वास्तव में 1947 में हुई : जयशंकर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पीओके को छोड़ने को लेकर भारत की गलती का जिक्र किया है। विदेश मंत्री ने पहले भी यूरोप सहित दुनिया के अन्य देशों के प्रति भारत का रवैये को स्पष्ट तौर पर सामने रख चुके हैं। जयशंकर का कहना है कि हमें पहले अपने रुख को साफ रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे हमें क्या हासिल होगा या हम क्या कदम उठाएंगे ये बाद की बात है।

विदेश मंत्री ने कहा कि हमने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के खिलाफ सख्त रुख अपनाया था। उन्होंने कहा कि चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारे पर हमारा रुख कड़ा था। उन्होंने कहा कि मैं आपसे कह सकता हूं कि इस देश में कई वर्ग थे जिन्होंने हम पर सवाल उठाया था। उन्होंने इस पर सार्वजनिक रूप से सवाल उठाया था। भले ही वे आज इससे इनकार करें लेकिन ये रिकॉर्ड में दर्ज है। उन्होंने कहा कि कहां हम सही हैं, कहां हमारे हित हैं इस बारे में स्पष्टता रखनी होगी। पिछले 75 सालों में ऐसी गड़बड़ी हुई है। विदेश कहा कि विदेश मंत्री ने कहा कि हमने वास्तव में उन बुनियादी गलतियों को सुधार लिया है, जो 1947 में हुई थीं। विदेश मंत्री ने कहा कि वहां गलती जिसे सुधारने के लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जीवन भर पुरजोर लड़ाई लड़ी। विदेश मंत्री ने कहा कि सच यह है कि पीओके को छोड़कर हमने दो विरोधी देशों के बीच निकटता विकसित होने दी। उन्होंने कहा कि आज हमें इसकी कीमत भी चुकानी पड़ रही है।

जयशंकर ने चीन के साथ संबंधों पर भी भारत का रुख साफ किया। विदेश में मंत्री ने कहा कि संबंधों में गिरावट आना हमारी देन नहीं है। यह चीन की तरफ से ही 1993 और 1996 के समझौते का उल्लंघन करके पैदा की गई हैं। उन्होंने कहा कि यदि हमें एक सभ्य संबंध बनाना है तब उन्हें उन समझौतों का पालन करने की आवश्यकता है। जयशंकर ने कहा कि चीन को यह समझना होगा कि दो प्रमुख देशों के संबंध तभी काम करते हैं जब वे पारस्परिक हित, आपसी संवेदनशीलता और पारस्परिक सम्मान पर आधारित होते हैं।

# मुख्यमंत्री भगवंत मान का ऐलान, पंजाब सरकार निजी ताप विद्युत संयंत्र खरीदेगी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार एक निजी ताप विद्युत संयंत्र खरीदेगी। इसकी विस्तृत जानकारी जल्द ही दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कोयला आधारित ताप बिजली संयंत्र खरीदने की सूचना दी। मान ने पंजाबी में ट्वीट किया, 'पंजाब के लोगों के साथ अच्छी खबर साझा कर रहा हूं। पंजाब सरकार यहां एक निजी ताप विद्युत संयंत्र खरीद रही है।'

मुख्यमंत्री ने हालांकि ताप संयंत्र के बारे में जानकारी साझा नहीं की, लेकिन राज्य के स्वामित्व वाली बिजली इकाई पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड (पीएसपीसीएल) कॉरपोरेट दिवाला कार्यवाही के तहत तरनतारन में 540 मेगावाट के गोइंदवाल ताप विद्युत संयंत्र को हासिल करने के लिए 12 बोलीदाताओं में एक है। इसके मालिक जीवीके पावर के खिलाफ दिवाला कार्रवाई शुरू की गई है। पिछले महीने मान ने कहा था कि राज्य सरकार पहली बार निजी बिजली संयंत्र खरीदने के लिए बोली लगाएगी। उन्होंने यह भी कहा था कि संयंत्र चलाने के लिए राज्य के पास पर्याप्त कोयला भंडार है। वित्तीय बोली पर निर्णय लेने के लिए राज्य के बिजली मंत्री हरभजन सिंह, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा और कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां की तीन सदस्यीय उप-समिति का गठन किया गया था।

## कांग्रेस यूसीसी को लेकर लामबंद, सोनिया के निवास पर बुलाई बैठक

नई दिल्ली । समान नागरिक संहिता को लेकर कांग्रेस लामबंद हो रही है। गौरतलब है ?कि यूसीसी पर 3 जुलाई को संसदीय स्थायी समिति की चर्चा हो रही है, इससे पहले आज कांग्रेस संसदीय रणनीति समूह की बैठक होगी। यह बैठक नई दिल्ली में 10, जनपथ स्थित पूर्व कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी के आवास पर होगी। कांग्रेस द्वारा यह माना जा रहा है कि सरकार संसद के मानसून सत्र में समान नागरिक संहिता लागू करने पर विधेयक पेश कर सकती है। विधेयक को संसदीय स्थायी समिति को भेजा जा सकता है जो समान नागरिक संहिता पर विभिन्न हितधारकों के विचार सुनेगी। वहीं कार्मिक, सार्वजनिक शिकायत, कानून और न्याय पर संसदीय स्थायी समिति ने कानून पैनल द्वारा जारी हालिया नोटिस पर 3 जुलाई को विधि आयोग और कानून मंत्रालय के प्रतिनिधियों को बुलाया। विधि आयोग ने समान नागरिक संहिता के मुद्दे पर हितधारकों की राय जानने के लिए नोटिस जारी किया था। कानून और कार्मिक पर स्थायी समिति के कार्यक्रम के अनुसार, यह 14 जून, 2023 को भारत के विधि आयोग द्वारा जारी सार्वजनिक नोटिस पर कानून पैनल और कानून मंत्रालय के कानूनी मामलों और विधायी विभागों के प्रतिनिधियों के विचारों को सुनेगी।

## समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने टमाटर काट कर मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन, महंगाई के मुद्दे पर सरकार को घेरा

**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के 50वें जन्मदिन के अवसर पर, वाराणसी में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को टमाटर के आकार के केक का उपयोग करके और देश भर में इसकी बढ़ती कीमत को उजागर करने के लिए टमाटर वितरित करके इसे मनाने का एक अनोखा तरीका निकाला। समाजवादी पार्टी के एक कार्यकर्ता ने घोषणा की कि यादव का जन्मदिन क्षेत्र में टमाटर बांटकर मनाया जाएगा।

उन्होंने कहा, ÷आज समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन है, जिसे हम हमेशा मनाते हैं। हालांकि, इस बार हम देश में महंगाई को उजागर करने के लिए टमाटर बांटकर इसे मना रहे हैं।÷ इस मौके पर टमाटर के आकार का केक भी इस्तेमाल किया जाएगा। भारी बारिश के कारण आपूर्ति प्रभावित होने के कारण भारत के कुछ हिस्सों में टमाटर की खुदरा कीमतें 100 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गईं। बेंगलुरु और रायपुर में टमाटर की कीमत 100 रुपये प्रति किलो के पार पहुंच गई है। बुधवार को दिल्ली, बेंगलुरु और चेन्नई में टमाटर के दाम 100 रुपये प्रति किलो के पार पहुंच गए। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के सचिव रोहित कुमार सिंह के मुताबिक, सिरमौर और सोलन (हिमाचल प्रदेश) से फसलें आनी शुरू हो जाएंगी तो कीमतें कम होने लगेंगी। उन्होंने आगे बताया कि सरकार ने आज से एक टमाटर महाचुनौती भी शुरू की है, जहां उसने टमाटर के संरक्षण और भंडारण में सुधार के साथ-साथ पूरे साल इसकी आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लोगों से विचार मांगे हैं। देश के अधिकांश खुदरा बाजारों में प्री-मॉनसून बारिश के बाद से टमाटर की कीमतें ऊंची चल रही हैं।

'दिल्ली में सात फ्री की रेवड़ी देता हूं', एमपी में बोले केजरीवाल-

# 'आप' को मौका दो, मामा शिवराज और उनके चेले-चपाटों को भूल जाओगे



**ग्वालियर (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी लगातार देश के अलग-अलग राज्यों में विस्तार की कोशिश कर रही है। मध्यप्रदेश में इस साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। इसी कड़ी में आज दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ग्वालियर में थे। उन्होंने भाजपा और कांग्रेस पर निशाना साधा और आप को मौका देने की अपील की। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सात फ्री की रेवड़ी देता हूं इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमसे नाराज रहते हैं। उन्होंने कांग्रेस और भाजपा पर मध्य प्रदेश को बदनाम करने का आरोप लगाया।

**भाजपा-कांग्रेस पर वार**

केजरीवाल ने कहा कि बीजेपी-कांग्रेस ने मध्य प्रदेश को बदनाम किया। आज मध्यप्रदेश की चर्चा व्यापम घोटाले को लेकर है। दिल्ली को भी CWG-CNG-2G घोटाला वाला शहर कहा गया था। जबसे आप सरकार बनी है तब से दिल्ली की चर्चा स्कूल-मोहल्ला क्लीनिक, मुफ्त बिजली-पानी को लेकर आती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली-पंजाब में बिजली का बिल जीरो और 24 घंटे बिजली आती है। मध्य प्रदेश में 200 यूनिट का बिल रू.2000 आता है और 10-10 घंटे बिजली नहीं आती। मैं दिल्ली में बिजली फ्री की तो पीएम मोदी नाराज हो गए। कहते हैं- मैं फ्री की रेवड़ी बाँट रहा हूँ। मोदी जी, आपको क्या असुविधा है? उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोगों ने भाजपा-कांग्रेस को उखाड़ फेंका। पंजाब के लोगों ने भी बीजेपी-कांग्रेस-अकाली दल को उखाड़ फेंका। आप सभी एक मौका 'आप' को देकर देखो, आप भी मामा शिवराज और उनके चेले चपाटों को भूल जाओगे।

**मध्य प्रदेश में भी फ्री की रेवड़ी**

केजरीवाल ने कहा कि मैंने दिल्ली वालों के हाथों में 7 फ्री की रेवड़ी रख दी। मुफ्त और 24 घंटे बिजली, मुफ़्त और साफ़ पानी, मुफ़्त तीर्थयात्रा, महिलाओं के लिए मुफ़्त बस सफ़र, शानदार स्कूल मुफ़्त मुफ़्त शिक्षा, शानदार मोहल्ला क्लिनिक-अस्पताल मुफ़्त इलाज, युवाओं के लिए 12 लाख रोज़गार का सामान। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मध्य प्रदेश के लोगों को भी ये फ्री की रेवड़ी चाहिए। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने इतनी महंगाई कर रखी है, घर के खर्चे नहीं चलते- क्योंकि इन्होंने सरकारी खजाने की लूट मचा रखी है। मोदी जी के एक मित्र ने रू.34,000 करोड़ का लोन लिया। और दूसरे ने रू. 22,000 करोड़ का। मोदी जी ने सारा इनका सारा लोन माफ़ कर दिया। ये आपके टैक्स का पैसा है।

# मंदिर के 75 मीटर दायरे के मकानों को ध्वस्त करने की कार्रवाई जारी

### -बदरीनाथ और उत्तरकाशी में भूस्खलन का खतरा बढ़ा, धीरे-धीरे खिसक रही जमीन

**उत्तरकाशी (एजेंसी)।** भारी बारिश के चलते बदरीनाथ और उत्तरकाशी में भूस्खलन का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। यहां अनेक स्थानों पर धीरे-धीरे जमीन खिसक रही है। खतरे को देखते हुए बदरीनाथ मंदिर के 75 मीटर दायरे के निर्माणों को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरु हो चुकी है। बता दें कि जोशीमठ में भू धंसाव और दरारों से लोगों को अभी तक राहत भी नहीं मिली थी कि अब बदरीनाथ और उत्तरकाशी में भी कई भवन भूस्खलन की जद में आ गए हैं। यहां भी धीरे-धीरे जमीन खिसक रही है और भूस्खलन का खतरा हर पल बढ़ रहा है। बदरीनाथ धाम मास्टर प्लान महायोजना के तहत चल रहे रीवर फ्रंट के कार्यों से बदरीनाथ पुराने मार्ग पर कई भवनों को भूस्खलन का खतरा पैदा हो गया है। इतना ही नहीं भवनों के नीचे से धीरे-धीरे जमीन खिसक रही है। बताया जा रहा है कि यहां पर रुक-रुककर हो रही बारिश से अलकनंदा का जलस्तर भी बढ़ गया है। इससे मकानों को और भी खतरा बना हुआ है। नदी के समीप स्थित हरि निवास पूरी तरह से भूस्खलन की जद में आने के कारण प्रोजेक्ट इंप्लीमेंशन यूनिट (पीआईयू) की ओर से इसके डिस्मेंटल की कार्रवाई की जा रही है।

बदरीनाथ मंदिर के इर्द-गिर्द 75 मीटर तक निर्माण कार्यों को ध्वस्त किया जा रहा है। यह कार्य बदरीनाथ मास्टर प्लान में द्वितीय चरण के तहत अलकनंदा किनारे चल रहा है। इसके साथ ही बदरीनाथ पुराने मार्ग पर दुकानों और तीर्थ पुरोहितों के मकानों को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया है। यहां रीवर फ्रंट का काम भी जोरशोर से चल रहा है। बदरीनाथ धाम पीआईयू के ईई पीके सैनी ने बताया कि, बदरीनाथ धाम में रीवर फ्रंट का काम जारी है। यहां भूस्खलन की जद में आए हरि निवास भवन को डिस्मेंटल किया जाएगा। जानकारी के अनुसार यदि अन्य भवन भी भूस्खलन से प्रभावित हैं तो उन्हें दिखवाया जाएगा। नदी किनारे तेजी से दीवार निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। वहीं मकानों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। हालिया जानकारी में नदी किनारे स्थित मकानों और धर्मशालाएं अब भूस्खलन की चपेट में आने लगी हैं।

मास्टर प्लान संघर्ष समिति के अध्यक्ष जमुना प्रसाद रैवानी ने बताया कि तप्तकुंड से लेकर नारायणपुरी मंदिर तक 40 मकान ऐसे हैं जो पूरी तरह से भूस्खलन की चपेट में आ गए हैं। हरि निवास के समीप एक गेस्ट हाउस पर पंजाब नेशनल बैंक की शाखा संचालित होती है। इसका पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। उनका कहना है कि नदी किनारे बड़ी-बड़ी मशीनों से खुदाई का काम किया जा रहा है। जिससे मकानों की नींव हिल गई है। कई बार शासन-प्रशासन से शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

वहीं उत्तरकाशी बाड़ागड्डी क्षेत्र के मस्ताड़ी गांव में करीब 15 मकानों में पड़ी दरारें अब बारिश से और चौड़ी हो गईं। ग्राम प्रधान और ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से पुनर्वास की मांग कर रहे हैं लेकिन शासन और प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों को मानसून सीजन में अपने घरों में रात में भी रहने में डर लग रहा है। गत वर्ष मानसून सीजन में ग्रामीणों के घरों के अंदर जमीन से पानी निकला था। ग्राम प्रधान मस्ताड़ी सत्यानायण सेमवाल ने बताया कि बारिश के कारण गांव के करीब 15 मकानों की दीवारों पर करीब 6 से 7 इंच की दरारें बढ़ गई हैं। इन दरारों को देखकर ग्रामीणों में भय बना है।

## फ्रांस में प्रदर्शनकारियों ने फूंक दी शहर की सबसे बड़ी पब्लिक लाइब्रेरी



पेरिस । पुलिस की गोलीबारी में एक किशोर की हत्या के बाद से फ्रांस लगातार चार दिनों से जल रहा है। बीती रात भी फ्रांस में अशांति से भरी रही प्रदर्शनकारियों ने प्रमुख इमारतों और पुलिस वाहनों सहित कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दुकानों में तोड़फोड़ कर उन्हें लूट लिया। प्रदर्शनकारियों ने देश की कई बैंकों को लूट लिया, स्कूलों और शहर की सबसे बड़ी पब्लिक लाइब्रेरी में आग लगा दी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अब तक 875 लोगों को गिरफ्तार किया है, और 200 से अधिक पुलिसकर्मी दंगों में घायल हो चुके हैं। फ्रांस का एक वीडियो तेजी से शेयर हो रहा है। इसमें दंगाई मार्सिले शहर की सबसे बड़ी पब्लिक लाइब्रेरी का आग लगाते हुए नजर आ रहे हैं। फुटेज में इमारत के भीतर आग की लपटों को देखा जा सकता है। सोशल मीडिया पर लोगों ने इसकी निंदा कर बड़ा नुकसान बताकर इन प्रदर्शनों पर गहरी चिंता जाहिर की है। पेरिस के एक उपनगर नानटेयर में नाहेल एम. को एक पुलिस अधिकारी ने गोली मार दी थी। नाहेल ने ट्रैफिक पुलिस पर रुकने से इनकार कर दिया था और गाड़ी चलाकर भागने लगा, जब पुलिस ने उस गोली मार दी। उपनगर से सामने आई फुटेज के अनुसार, जलते हुए मलबे के बीच, नैनटेयर में एक दीवार पर नाहेल के लिए बदला पेंट किया हुआ दिखाई दिया। एक बैंक में भी आग लगा दी गई और लड़के की याद में आयोजित मार्च के हिंसक हो जाने के बाद पुलिस ने 15 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया।

## बकरीद की नमाज के दौरान पाकिस्तानी जेल से 17 कैदी फरार

कराची। कंगाल पाकिस्तान से अजीबों-गरीब खबरें आती रहती हैं। बलूचिस्तान प्रांत की चमन जेल से बकरीद की नमाज के दौरान 17 कैदी फरार हो गए। जबकि एक कैदी की जेल सुरक्षाकर्मियों द्वारा चलायी गई गोली लगने से मौत हो गई। बलूचिस्तान के कारागार महानिरीक्षक मलिक शुजा कासी ने बताया कि हिंसा और गोलीबारी में कुछ पुलिस गार्ड और कैदी घायल भी हुए हैं। कासी ने बताया कि जब जेल परिसर के भीतर खुले स्थान में बकरीद की नमाज पढ़ी जा रही थी। तभी इन कैदियों ने जेल से भागने की योजना बनाई थी और बकरीद की नमाज के दौरान जेल से फरार हो गए। बकरीद की नमाज के लिए जब उन्हें बैरकों से बाहर निकलने दिया गया, तब उन्होंने पुलिस गार्ड पर हिंसक तरीके से हमला कर दिया। कासी ने कहा कि इसी हंगामे और हिंसा के दौरान जेल के सुरक्षाकर्मियों द्वारा चलायी गई गोली लगने से एक कैदी की मौत हो गई जबकि 17 अन्य भागने में सफल रहे। उन्होंने बताया, ''ऐसा लगता है कि जेल से भागने में उन्हें बाहरी मदद मिली है। कासी ने बताया कि भागने वाले कैदियों की सूची तैयार की गई है और उनमें से कुछ आतंकवादी गतिविधियों के सिलसिले में जेल में बंद थे। गौरतलब है कि चमन जेल ईरान की सीमा के पास स्थित है और सुरक्षा बलों को डर है कि कैदियों ने अपने साथियों की मदद से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर ली होगी।

## मोसाद ने ईरान में घुसकर आतंकी को पकड़ा, करने वाला था इजरायलियों पर हमला

तेल अवीव । मोसाद ने ईरान में घुसकर एक आतंकी को पकड़ा है, जो कि इजरायलियों पर हमला करने वाला था। जानकारी के अनुसार इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद ने साइप्रस में यहूदियों के खिलाफ आतंकी हमला रोकने के लिए ईरान के अंदर घुसकर उसके मास्टरमाइंड का ही अपहरण कर लिया। आतंकी हमले की योजना बनाने वाले की पहचान युसेफ शाहबाजी अब्बासलिलु के रूप में हुई है। मोसाद ने अपने एक बयान में कहा कि ईरानी क्षेत्र के भीतर एक अद्वितीय साहसी मिशन में आतंकी सेल के मास्टरमाइंड को पकड़ा। उसने पूछताछ के दौरान विस्तार से आतंकी साजिश को स्वीकार किया। इसके कारण साइप्रस में आतंक का पर्दाफाश हुआ और आतंकी सेल से पर्दा उठ गया। मोसाद ने कहा कि हम हर उस व्यक्ति तक पहुंचेंगे जो ईरान सहित दुनिया में कहीं भी यहूदियों और इजरायलियों के खिलाफ आतंक को बढ़ावा देता है। आतंकी के बारे में मोसाद ने कहा कि अब्बासलिलु को ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के वरिष्ठ सदस्यों से विस्तृत निर्देश और हथियार मिले थे। उसने पूछताछ के दौरान बताया कि इस साजिश को कैसे अंजाम दिया जाना था और इससे संबंधित हथियार और गुर्गों को कहां ढूंढना था। इसके बाद मोसाद ने इसकी जानकारी साइप्रस के अधिकारियों दे दी, जिन्होंने इस आतंकी सेल के अधिकांश सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने एक वीडियो जारी किया जिसमें अब्बासलिलु को रिवोल्यूशनरी गार्ड के सदस्यों के साथ हुई बातचीत के बारे में बताते हुए दिखाया गया है। गौरतलब है कि इजरायल और साइप्रस ने अतीत में इजरायली नागरिकों पर हमला करने की ईरानी साजिशों को नाकाम करने के लिए साथ मिलकर काम किया है। 2021 में उन्होंने साइप्रस में इजरायली व्यापारियों को मारने के लिए ईरानी आईआरजीसी द्वारा नियुक्त एक रूसी-अजरबैजानी हिटमैन (कॉन्ट्रैक्ट किलर) को गिरफ्तार किया था। चैनल 12 ने रविवार को कहा कि आतंकी सेल ने एक यहूदी रियल एस्टेट व्यवसायी, चबाड साइट और होटलों को निशाना बनाया, जहां इजरायली लोग आते हैं। सेल के सात सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि एक भाग गया।

## बुर्किना फासो में दो आतंकवादी हमलों में 41 की मौत

औगाडौगू । सेना ने एक बयान में ककि कि इस सप्ताह बुर्किना फासो में दो आतंकवादी हमलों में आठ सैनिकों और 33 स्वयंसेवी मिलिशिया सदस्यों सहित 41 लोग मारे गए। हाल ही में मौहौन प्रांत में तिया के पास एक सैन्य इकाई पर घात लगाकर हमला किया गया। बयान में कहा गया कि सैनिकों की जवाबी कार्रवाई में 30 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया गया। इसमें आठ सैनिक मारे गए और नौ अन्य घायल हो गए। एक समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार सैनमाटेंगा प्रांत में सेना के सहायक नोआका के वालंटियर्स फॉर द डिफेंस ऑफ द फादरलैंड (वीडीपी) ने, जो सेना के सहायक थे, अपने ठिकानों को निशाना बनाकर किए गए आतंकवादी हमले के खिलाफ कार्रवाई की। सेना ने कहा कि वीडीपी सदस्यों ने लगभग 50 आतंकवादियों को मार गिराया और बड़ी मात्रा में उपकरण बरामद किए, साथ ही कहा कि संघर्ष के दौरान 33 वीडीपी सदस्यों की भी मौत हो गई।

## मक्का में पारा 48 डिग्री पर पहुंचा

## -2000 हज यात्रियों को हीट स्ट्रोक

रियाद । दुनिया भर से 160 देशों के लगभग 18 लाख मुस्लिम हज करने के लिए, सऊदी अरब के पवित्र शहर मक्का पहुंच रहे हैं ।यहां पर भारी गर्मी पड़ रही है ।पारा 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। लगभग 2000 हज यात्री हीटस्ट्रोक के कारण अस्पताल में भर्ती किए गए हैं। इस साल बड़ी संख्या में बुजुर्ग भी हज करने के लिए पहुंच रहे हैं।

रियाद के स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी दी है, कि वहां बने अस्पतालों में अभी तक 8400 से ज्यादा लोगों का उपचार किया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने हज यात्रियों से कहा है, कि वह तेज धूप से बचें और ज्यादा से ज्यादा पानी पियें।

**इंडोनेशिया की 209 हज यात्रियों की मौत?**

इंडोनेशिया की 209 हज यात्रियों की मौत हीट स्ट्रोक के कारण हुई है। ईरान के 1 सबसे बुजुर्ग 114 साल के हज यात्री की भी मौत हुई है। ईरान के 10 हज यात्रियों की हीटस्ट्रोक से मौत होने की खबर है। सऊदी सरकार ने इस संबंध में कोई अधिकृत घोषणा नहीं की है ।लेकिन जिस तरह से गर्मी पड़ रही है। उसको देखते हुए सऊदी सरकार ने हज करने के लिए जो यात्री पहुंच रहे हैं। उनके लिए ऑटोमेटिक कूलिंग सिस्टम तैयार किया है। हज यात्रियों को मुफ्त में पानी की बोतल और छाते दिए जा रहे हैं ।सऊदी सरकार ने 32000 से ज्यादा हेल्थ वर्कर्स को तैनात किया है।



एक एंड्रॉइड रोबोट, ईवीईआर 6, को सियोल में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रीय ऑर्केस्ट्रा के प्रदर्शन का नेतृत्व करने के लिए कंडक्टर के मंच पर ले जाते हुए देखा गया ।

## पीएम मोदी के आमंत्रण पर शहबाज एससीओ की बैठक में वर्चुअली होंगे शामिल

इस्लामाबाद । पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ आगामी चार जुलाई को शंघाई बैठक में शामिल होंगे। पीएम शहबाज अपने भारतीय समकक्ष नरेन्द्र मोदी के आमंत्रण पर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा गया है कि शिखर सम्मेलन में शरीफ की भागीदारी यह दर्शाती है कि पाकिस्तान एससीओ को बहुत अहमियत देता है जो क्षेत्रीय सुरक्षा, समृद्धि और क्षेत्र के साथ जुड़ाव को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। इसमें कहा गया कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ एससीओ के राष्ट्राध्यक्षों की 23वीं बैठक में भाग लेंगे जिसका आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये 4 जुलाई, 2023 को होगा। बयान के मुताबिक, एससीओ के मौजूदा अध्यक्ष की हैसियत से भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बैठक में शामिल होने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को आमंत्रित किया गया है। एससीओ के सदस्य देशों के बीच इस बैठक में महत्वपूर्ण वैश्विक तथा क्षेत्रीय मुद्दों पर सहयोग की भावी दिशा तय करने पर चर्चा की जाएगी। वहीं नये सदस्य के तौर पर ईरान का भी स्वागत किया जाएगा। गौरतलब है कि एससीओ की स्थापना 2001 में शंघाई में आयोजित एक शिखर सम्मेलन में रूस, चीन, किर्गिज गणराज्य, कजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपतियों द्वारा की गई थी। एससीओ की अध्यक्षता करने का दायित्व इसके सदस्य देशों को चक्रीय आधार पर मिलता है। भारत को इसकी अध्यक्षता पिछले साल 16 सितंबर को आयोजित समरकंद शिखर सम्मेलन में सौंपी गई। विदेश मंत्रालय ने मई में ऐलान किया कि भारत एससीओ शिखर सम्मेलन की मेजबानी चार जुलाई को वर्चुअल माध्यम से करेगा।

# किशोर की मौत मामले में हिंसक प्रदर्शन के दौरान 1300 से ज्यादा लोग गिरफ्तार

**पेरिस (एजेंसी)।** फ्रांस में पुलिस द्वारा 17 वर्षीय एक किशोर को गोली मारे जाने की घटना के बाद भारी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद चौथी रात को व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए और इस दौरान देशभर में 1,311 लोगों को गिरफ्तार किया गया। विभिन्न शहरों में प्रदर्शनकारियों ने कई वाहनों, इमारतों में आग लगा दी, स्टोर में लूटपाट की। अधिकारियों के मुताबिक रातभर युवा प्रदर्शनकारियों की पुलिस से भिड़ंत हुई। उन्होंने बतया कि विभिन्न जगहों पर प्रदर्शनकारियों ने करीब 2,500 दुकानों में आग लगा दी और तोड़फोड़ की।



फ्रांस के गृह मंत्रालय ने बताया कि हिंसा रोकने के लिए देश भर में 45,000 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने अभिभावकों से अपने बच्चों को सड़कों से दूर रखने की अपील की और हिंसा को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया को दोषी ठहराया। नैनटेरे के उपनगर में पुलिस की गोलीबारी में मारे गए किशोर नाहेल को दफनाने की प्रक्रिया शनिवार को शुरू कर दी गई। हालांकि, सरकार का कहना है कि कड़े सुरक्षा उपायों के कारण हिंसक घटनाओं में कमी आई है। मंगलवार रात को प्रदर्शन की शुरुआत के बाद से पुलिस ने कुल 2,400 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से आधी से ज्यादा गिरफ्तारियां हिंसा की चौथी रात में हुईं।

पेरिस से मार्सिले और ल्योन तक हिंसा की आग फैल गई है जिसमें सैकड़ों पुलिसकर्मी और दमकलकर्मी घायल हुए हैं। इस बीच, फ्रांस की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम, जिसमें अंतरराष्ट्रीय स्टार किलियन एम बापे भी शामिल हैं, ने हिंसा को समाप्त करने का अनुरोध किया। खिलाड़ियों ने एक बयान में कहा, ''हम दर्द और दुख की इस भावना को साझा करते हैं। हिंसा से कुछ समाधान नहीं निकलेगा।

अभिव्यक्ति के अन्य शांतिपूर्ण और रचनात्मक तरीके हैं।'' नाहेल की मां मौनिया एम ने 'फ्रांस 5' टेलीविजन को बताया कि वह उस पुलिस अधिकारी से बहुत अधिक क्रोधित हैं जिसने उनके बच्चे को मार डाला। उन्होंने कहा, ''वह कुछ-कुछ अरबी बच्चों की तरह दिखता था। वह (अधिकारी) उसकी जान लेना चाहता था।'' किशोर के परिवार की विरासत अल्जीरिया से जुड़ी है। मौनिया ने कहा, ''एक पुलिस अधिकारी अपनी बंदूक लेकर हमारे बच्चों पर गोली नहीं चला सकता, हमारे बच्चों की जान नहीं ले सकता।'' गौरतलब है कि मंगलवार को यातायात जांच के दौरान 17 वर्षीय नाहेल की हत्या का वीडियो भी सामने आया है। इस घटना ने देश को झकझोर कर रख दिया है और लोग काफी आक्रोशित हैं। मौत के बाद पेरिस उपनगर में गुस्सा फूट पड़ा और तेजी से पूरे देश में हिंसा भड़क गई। नैनटेरे के मेयर पैट्रिक जेरी ने कहा कि फ्रांस को वंचित इलाकों में ''परिवर्तन के लिए जोर देने'' की जरूरत है। व्यापक हिंसा के बावजूद मैक्रों ने आपात स्थिति की घोषणा नहीं की है।

## तालिबान ने की अमेरिका की मदद! अल कायदा के खात्मे को लेकर किए सवाल पर बाइडेन ये क्या बोल गए

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि वाशिंगटन को अल-कायदा के खतरे को 'खत्म' करने के लिए अफगानिस्तान के तालिबान से मदद मिल रही है। बाइडेन की यह अप्रत्याशित टिप्पणी पिछले महीने जारी संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट का खंडन करती है जिसमें कहा गया था कि तालिबान अल-कायदा के साथ मजबूत और सहजीवी संबंध हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने छात्र ऋण राहत कार्यक्रम को रोकने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान यह टिप्पणी की। एक रिपोर्टर ने पूछा कि क्या उन्होंने 2021 में अफगानिस्तान से वापसी के दौरान की गलतियों को स्वीकार किया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि वाशिंगटन को अल-कायदा के खतरे को 'खत्म' करने के लिए अफगानिस्तान के तालिबान से मदद मिल रही है। बाइडेन की यह अप्रत्याशित टिप्पणी पिछले महीने जारी संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट का खंडन करती है जिसमें कहा गया था कि तालिबान अल-कायदा के साथ मजबूत और सहजीवी संबंध हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने छात्र ऋण राहत कार्यक्रम को रोकने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान यह टिप्पणी की। एक रिपोर्टर ने पूछा कि क्या उन्होंने 2021 में अफगानिस्तान से वापसी के दौरान की गलतियों को स्वीकार किया है। इस बीच शनिवार को अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने बाइडेन की टिप्पणी को लपक लिया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हम अफगानिस्तान में सशस्त्र समूहों की गैर-मौजूदगी के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की टिप्पणी को वास्तविकता की स्वीकृति मानते हैं।

## जावा द्वीप पर आये भूकंप में एक की जान गई, दस लोग घायल

**-रिक्टर स्केल पर 6.4 थी तीव्रता, सैकड़ों घरों, कार्यालयों को हुआ नुकसान**

**जकार्ता (एजेंसी)।** इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर भूकंप आने के समाचार मिले हैं। यहां शुक्रवार शाम 6.4 तीव्रता का भूकंप आया, जिसमें कम से कम 10 लोग घायल हो गए। भूकंप के दौरान एक शख्स को दिल का दौरा पड़ने की वजह से मौत हो गई है। देश की आपदा शमन एजेंसी (बीएनपीबी) के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने बताया कि भूकंप के कारण मध्य जावा प्रांत के क्षेत्र में फैले सैकड़ों घरों, कुछ कार्यालयों, स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाओं को मामूली क्षति हुई है। मीडिया में आई खबरों के मुताबिक एजेंसी ने कहा कि भूकंप 25 किमी (15 मील) की गहराई पर आया था, योग्यकार्ता क्षेत्र के कई शहरों के साथ-साथ इंडोनेशिया के सबसे अधिक आबादी वाले द्वीप पूर्व और मध्य जावा में भी महसूस किया गया। हालांकि यहां सुनामी की चेतावनी जारी नहीं की गई। गौरतलब है कि इंडोनेशिया में भूकंप आना आम बात है क्योंकि यह भूकंपीय रूप से सक्रिय क्षेत्र में है। इंडोनेशिया, दक्षिण पूर्व एशिया में, तथाकथित 'पैसिफिक रिंग ऑफ फायर' में फैला हुआ है, जो एक अत्यधिक सक्रिय भूकंपीय क्षेत्र है जहां पृथ्वी की परत पर विभिन्न प्लेटें मिलती हैं और बड़ी संख्या में भूकंप और ज्वालामुखी उत्पन्न करती हैं। नुकसान का आंकलन करते हुए मुहारी ने कहा कि भूकंप से योग्यकार्ता और इसके पड़ोसी प्रांतों मध्य जावा और पूर्वी जावा में कम से कम 93 घरों के साथ-साथ अन्य इमारतों को नुकसान पहुंचा है। यहां स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, पूजा घर और सरकारी कार्यालय क्षतिग्रस्त हो गए हैं। फिलहाल घरों को हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

# ब्रिटिश सरकार की मांग..यूएनएससी का स्थायी सदस्य बने भारत

**लंदन (एजेंसी)।** शक्तिशाली सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता की भारत की दावेदारी का समर्थन कर ब्रिटिश सरकार ने अपनी शीर्ष प्राथमिकताओं में संयुक्त राष्ट्र में सुधार की मांग दोहरा दिया है। भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार की मांग करने वाले अग्रणी देशों में है। भारत का कहना है कि वह इस विश्व निकाय में स्थायी सीट की योग्यता रखता है। मौजूदा समय में यूएनसीसी के अमेरिका, चीन, फ्रांस, रूस और ब्रिटेन सहित पांच स्थायी सदस्य हैं, जिन्हें किसी भी प्रस्ताव पर वीटो का अधिकार प्राप्त है। चैथम हाउस थिंक टैंक में एक सम्मेलन को संबोधित कर ब्रिटिश विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली ने मौजूदा समय की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने के लिए बहु पक्षीय प्रणाली को पुनर्जीवित करने का आह्वान किया।

उन्होंने रेखांकित किया कि विश्व अर्थव्यवस्था की धुरीयूरोप-अटलांटिक से खिसक कर हिंद-प्रशांत क्षेत्र की ओर जा रही है, लेकिन बहुपक्षीय संस्थान अब तक नई परिस्थितियों के अनुकूल बदलाव नहीं कर सकी हैं। विदेश मंत्री क्लेवरली ने कहा, मेरी पांच परिवर्तनकारी प्राथमिकताएं हैं। पहली संयुक्त राष्ट्र में सुधार होना चाहिए। हम इसमें अफ्रीका का स्थायी प्रतिनिधित्व और सदस्यता का विस्तार भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान तक करना चाहते हैं। उन्होंने कहा,'' मैं जानता हूं कि यह साहसिक सुधार होगा लेकिन यह 2020 के दशक में सुरक्षा परिषद को आगे ले जाने वाला होगा जिसमें 1965 से कोई बदलाव नहीं हुआ है। क्लेवरली ने कहा, ''मेरी दूसरी प्राथमिकता अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में सुधार है। यह जलवायु वित्त और निश्चित तौर पर गरीबी उन्मूलन के लिए अहम है। मंत्री ने जी-20 की भारत की अध्यक्षता की भी प्रशंसा की जो गरीबो देशों का प्रतिनिधित्व विश्व मंच पर कर रहा है।

उन्होंने कहा, '' मुझे यह स्पष्ट है कि बहुपक्षीय प्रणाली में सबसे गरीब और सबसे कमजोर देशों की आवाज सुनी जानी चाहिए। इसलिए हमने जी-20 के लिए अफ्रीकी संघ की सदस्यता का समर्थन किया है



और इस संदर्भ में भारत के नेतृत्व का समर्थन करते हैं।'' क्लेवरली ने ब्रिटेन की अन्य प्राथमिकताओं में वित्त तक आसान व त्वरित पहुंच और निवेश के अधिकतम प्रभाव को बताया। उन्होंने एक और सर्वोच्च प्राथमिकता बताई कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) और क्वांटम कंप्यूटिंग में मानव जाति की समस्या समाधान क्षमताओं को बदलने की क्षमता है।

# टिकाऊ भविष्य के लिए भारत में कृषि पद्धतियों को बदलने की जरूरतः आईएफपीआरआई निदेशक

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** भारत को खेती की वैकल्पिक पद्धतियों को अपनाने के बारे में सोचने की जरूरत है, ताकि देश में भूजल की कमी उत्पन्न न हो और मिट्टी की गुणवत्ता में भी कमी न आए। अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान (आईएफपीआरआई) के निदेशक (दक्षिण एशिया) शाहिदुर राशिद ने यह सुझाव दिया। काठमांडू में ग्लोबल फूड पॉलिसी रिपोर्ट (जीएफपीआर) के लॉन्च कार्यक्रम से इतर 'पीटीआई-भाषा' के साथ विशेष साक्षात्कार में राशिद ने भीषण गर्मी को सहने में सक्षम फसलें विकसित करने और टिकाऊ सिंचाई पद्धतियां अपनाने की अहमियत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'धान की खेती में प्रचलित बाढ़ सिंचाई से पानी की बर्बादी होती है और पानी के उपयोग की क्षमता भी घट जाती है। नवीन सिंचाई पद्धतियां अपनाने और सिंचाई के लिए सौर ऊर्जा का इस्तेमाल करने से कार्बन उत्सर्जन में तो कमी लाई ही जा सकती है, साथ ही पानी की कमी के मुद्दे को भी संबोधित किया जा सकता है।'

राशिद ने जोर देकर कहा कि हालांकि, भारत में मौजूदा समय में उसकी आबादी का पेट भरने के लिए पर्याप्त खाद्य उत्पादन हो रहा है, लेकिन लोगों तक पहुंच, पोषक तत्वों की उपलब्धता और दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने के संबंध में चुनौतियां बरकरार हैं। उन्होंने कहा कि भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि हरित क्रांति के दौर में जो पद्धति विकसित हुई थी, वह भूजल का अत्यधिक दोहन करती है और बड़ी मात्रा में रासायनिक खाद का इस्तेमाल करती है, जिसके चलते इसे लंबे समय तक बरकरार नहीं रखा जा सकेगा। राशिद ने कहा, 'हमें वास्तव में खेती के वैकल्पिक तरीकों के बारे में सोचने की जरूरत है, ताकि हमारे पास भूजल संसाधनों की कमी न हो और हम अपनी मिट्टी को भी बर्बाद न करें। मुझे लगता है कि यह भविष्य में भारत और दक्षिण एशिया के लिए मुख्य चुनौती होगा।'

उन्होंने पोषण की कमी की समस्या से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए पोषक तत्वों को सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम में शामिल करने के महत्व पर प्रकाश डाला। जीएफपीआर दक्षिण एशिया रिपोर्ट में कहा गया है कि 2019 से 2021 के बीच भारत में अल्पपोषण की दर 16 प्रतिशत थी। राशिद ने कहा, 'स्वस्थ जीवन के लिए केवल चावल और गेहूं जैसी मुख्य फसलों का सेवन पर्याप्त नहीं है, क्योंकि देश में

INTERNATIONAL FOOD POLICY RESEARCH INSTITUTE
IFPRI

लोगों के आहार में माइक्रोन्यूट्रिएंट (सूक्ष्म पोषक तत्वों) की कमी एक बड़ा मुद्दा है, जिसे छिपी हुई 'भुखमरी' भी कहा जाता है।

## संपादकीय

# प्रात: स्मरणीय महामना आचार्य श्री भिक्षु के 298 वें जन्म दिवस तथा 266 वें बोधि दिवस पर

भिक्षु स्वामी बोलो अन्तर तम को हर लो ।ध्रुव ।।
दीपा सूत का अब जरा ध्यान धर लो ।
भिक्षु स्वामी बोलो अन्तर तम को हर लो ।ध्रुव।।
नैया तट आकर संकट सब मिट जाये ।
भिक्षु सुमरने से बन्धन सब कट जाये ।
भिक्षु करुणा सागर है लोक उजागर ।
अन्तर मन से भिक्षु का सुमिरन कर लो ।
भिक्षु स्वामी बोलो अन्तर तम को हर लो ।ध्रुव ।।
कितनों को तारे है भव पार उतारे है ।
असहायों के भिक्षु सबल सहारे है ।
भिक्षु भाग्य विधाता जन जन के त्राता ।
भिक्षु नाम के मोती अपने घर में भर लो ।
भिक्षु स्वामी बोलो अन्तर तम को हर लो ।ध्रुव ।।
जन – जन हितकारी भिक्षु मंगलकारी ।
भिक्षु के चरणों में नतमस्तक दुनिया सारी ।
भिक्षु के चरणों में झुक मन वांछित फल पाओ ।
भिक्षु स्वामी को ध्याकर भव सागर से तर लो ।
भिक्षु स्वामी बोलो अन्तर तम को हर लो ।ध्रुव।।
दीपा सूत का अब जरा ध्यान धर लो ।
भिक्षु स्वामी बोलो अन्तर तम को हर लो । ध्रुव ।।



प्रदीप छाजेड़
( बोरावड़ )

## आज का राशीफल

| | |
|---|---|
| मेष | व्यावसायिक समस्या सुलझाने में आप सफल होंगे। वाणी की सौम्यता आपके लिए लाभदायी होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। आर्थिक लाभ होगा। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा। |
| वृषभ | जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। आय और व्यय में संतुलन बना कर रखें। |
| मिथुन | पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता आयेगी। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। |
| कर्क | पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। निजी संबंधों में प्रगाढ़ता आयेगी। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है। |
| सिंह | दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। आय और व्यय में संतुलन बना कर रखें। आपके प्रभाव तथा वर्चस्व में वृद्धि होगी। तनाव व टकराव की स्थिति आपके लिए हितकर नहीं होगी। |
| कन्या | शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। किया गया परिश्रम सार्थक होगा। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी। |
| तुला | पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आपके पराक्रम तथा वर्चस्व में वृद्धि होगी। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। |
| वृश्चिक | बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। नेत्र विकार की संभावना है। किया गया परिश्रम सार्थक होगा। पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। व्यर्थ की उलझनें रहेंगी। |
| धनु | व्यावसायिक योजना सफल होगी। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। धार्मिक प्रवृत्ति में वृद्धि होगी। |
| मकर | जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। खान-पान में सावधानी रखें। क्रोध व भावुकता में लिया गया निर्णय कष्टकारी होगा। किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा। भाई या पड़ोसी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। |
| कुम्भ | पारिवारिक जनों के मध्य सुखद समय गुजरेगा। कार्यक्षेत्र में रुकावटों का सामना करना पड़ेगा। वाणी की सौम्यता बनाये रखें। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। नए अनुबंध मिलेंगे। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा। |
| मीन | शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। भाई या पड़ोसियों से अकारण विवाद हो सकता है। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। |

# प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा के दौरान सम्पन्न हुए समझौतों से तेज होगी भारत के विकास की रफ्तार एवं निर्मित होंगे रोजगार के नए अवसर

(लेखक – प्रहलाद सबनानी)

**हर्ष का विषय यह है कि कृषि के क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2022-23 में विकास दर 4.5 प्रतिशत की रही है जो वित्तीय वर्ष 2021-22 की 3.5 प्रतिशत की विकास दर से कहीं अधिक है। कृषि के क्षेत्र में तेज हो रही आर्थिक विकास दर से सीधे सीधे किसानों को लाभ हो रहा है, ग्रामीण क्षेत्रों के रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं, ग्रामीण इलाकों से शहरों की ओर पलायन कम हो रहा है एवं किसानों की आय में वृद्धि हो रही है, जिससे भारत में उत्पादित होने वाले उत्पादों का एक नया बाजार तैयार हो रहा है। इसी प्रकार सेवा क्षेत्र में भी आर्थिक विकास की दर वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान 11 प्रतिशत की रही है जो वित्तीय वर्ष 2021-22 की विकास दर 9 प्रतिशत की तुलना में कहीं अधिक है।**

वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं चतुर्थ तिमाही के हाल ही में जारी किए गए भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास सम्बंधी आंकड़ों से यह आभास हुआ है कि भारत में आर्थिक विकास दर उम्मीद से कहीं अधिक रही है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत की रही है एवं जनवरी-मार्च 2023 की चौथी तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.1 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ी है। जबकि अक्टोबर-दिसम्बर 2022 की तृतीय तिमाही में आर्थिक विकास दर 4.5 प्रतिशत की रही थी। भारत में आर्थिक विकास दर विभिन्न वित्तीय संस्थाओं द्वारा पूर्व में किए गए अनुमानों से कहीं अधिक रही है। निश्चित ही, वित्तीय वर्ष 2022-23 के आर्थिक विकास सम्बंधी आंकडें बेहद उत्साहजनक रहे हैं। भारत में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर विश्व की अन्य समस्त बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में बेहतर रही है एवं भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ रही अर्थव्यवस्था बनी रही है। भारत ने आर्थिक विकास के मामले में चीन से दुगुनी रफ्तार हासिल कर ली है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकर अब 3.50 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के ऊपर निकल चुका है। हर्ष का विषय यह है कि कृषि के क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2022-23 में विकास दर 4.5 प्रतिशत की रही है जो वित्तीय वर्ष 2021-22 की 3.5 प्रतिशत की विकास दर से कहीं अधिक है। कृषि के क्षेत्र में तेज हो रही आर्थिक विकास दर से सीधे सीधे किसानों को लाभ हो रहा है, ग्रामीण क्षेत्रों के रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं, ग्रामीण इलाकों से शहरों की ओर पलायन कम हो रहा है एवं किसानों की आय में वृद्धि हो रही है, जिससे भारत में उत्पादित होने वाले उत्पादों का एक नया बाजार तैयार हो रहा है। इसी प्रकार सेवा क्षेत्र में भी आर्थिक विकास की दर वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान 11 प्रतिशत की रही है जो वित्तीय वर्ष 2021-22 की विकास दर 9 प्रतिशत की तुलना में कहीं अधिक है। सेवा क्षेत्र में तेज हो रही विकास दर के चलते शहरी क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर अधिक निर्मित हो रहे हैं। हां, अभी भी विनिर्माण क्षेत्र में विकास की दर को तेज होना शेष है। वर्तमान में देश के सकल घरेलू उत्पाद में उद्योग क्षेत्र का योगदान 17 प्रतिशत है, इसे 24 से 25 प्रतिशत तक आगे ले जाना आवश्यक है। यदि उद्योग क्षेत्र के योगदान को 25 प्रतिशत तक लाने में सफलता हासिल हो जाती है तो देश में भारी भरकम वेतन वाले रोजगार के करोड़ों नए अवसर पैदा हो सकते हैं। इस दृष्टि से ही भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में अमेरिका की यात्रा की है। इस यात्रा में उन्हें बहुत बड़ी सफलता भी हासिल हुई है। भारतीय प्रधानमंत्री ने अमेरिका में कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के कार्यपालन अधिकारियों से उनके द्वारा भारत में निवेश किये जाने के सम्बंध में सीधी बातचीत की है। गूगल कम्पनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सुंदर पिचाई ने घोषणा की है कि गूगल कम्पनी भारत में 1,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी। साथ ही, टेस्ला कम्पनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एलन मस्क ने भी भारतीय प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद दिए गए अपने एक बयान में बताया है कि उनकी कम्पनी भारी भरकम राशि का निवेश शीघ्र ही भारत में करने जा रही है एवं इस सम्बंध में वे स्वयं भी वर्ष 2024 में भारत की यात्रा करने वाले हैं। अमेरिकी एयरोस्पेस कम्पनी बोईंग ने भी शीघ्र ही भारत में 800 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की घोषणा की है। इस निवेश से भारतीय इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार और पायलट ट्रेनिंग का काम किया जाएगा। दरअसल, भारत में स्किल्ड पायलटों की मांग लगातार बढ़ रही है और अगले 20 वर्षों में देश में करीब 31,000 नए पायलटों की आवश्यकता होगी। इस कमी की पूर्ति करने में बोईंग द्वारा किए जा रहे निवेश से भारत को बहुत सहायता मिलेगी। अमेरिकी ई-कामर्स कम्पनी अमेजन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एंडी जैसी ने भी घोषणा की है कि अमेजन कम्पनी शीघ्र ही भारत में 1,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी। कम्पनी पहिले ही भारत में 1,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश कर चुकी है, अब कम्पनी का भारत में कुल निवेश बढ़कर 2,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाएगा। इसी प्रकार, भारत और अमेरिका के बीच जेट इंजन के निर्माण की इकाई स्थापित करने पर भी सहमति बन गई हैं। इस सम्बंध में भारत की ओर से हिंदुस्तान एयरोनोटिक्स कम्पनी ने एवं अमेरिका की ओर से जनरल इलेक्ट्रिक कम्पनी ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किये है। इससे भारत में ही निर्मित हो रहे तेजस विमान के इंजन को भी अपग्रेड किया जा सकेगा। अमेरिका भारत को अतिआधुनिक एवं शक्तिशाली एमक्यू-9बी ड्रोन भी उपलब्ध कराने को तैयार हो गया है। अमेरिका 60,000 भारतीय इंजीनियरों को सेमीकंडकर सुविधा उपलब्ध कराने की दृष्टि से ट्रेनिंग देने के लिए भी सहमत हो गया है। अर्थात, इस सम्बंध में उच्च तकनीकी भारतीय इंजीनियरों को उपलब्ध करायी जाएगी। मैक्रोन नामक कम्पनी भारत में ही ड्रोन निर्माण हेतु एक इकाई की स्थापना भी करने जा रही है, इसके निर्माण पर मैक्रोन कम्पनी द्वारा भारी भरकम राशि का निवेश भारत में किया जाएगा। अमेरिका ने भारतीय स्टील एवं अल्यूमिनियम के आयात पर लगने वाले अतिरिक्त शुल्क को समाप्त करने का निर्णय लिया है। इससे अब अमेरिकी बाजार में भारतीय स्टील और अल्यूमिनियम पहले की तुलना सस्ते हो जाएंगे एवं इससे भारत में निर्मित स्टील उत्पादों की मांग अमेरिकी बाजार में बढ़ जाएगी। भारतीय स्टील उद्योग को इससे बहुत फायदा होने की सम्भावना बन गई है। अमेरिका की विभिन्न कम्पनियों द्वार भारत में किये जाने वाले उक्त वर्णित भारी भरकम राशियों के निवेश से भारत में विनिर्माण क्षेत्र में विकास दर को निश्चित ही बल मिलेगा एवं भारत के कुल सकल उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र की भागीदारी में सुधार होगा।

भारत में जनवरी-मार्च 2023 तिमाही में सकल स्थायी पूंजी निर्माण (जीएफसीएफ) की दर भी उत्साहजनक स्तर 35 प्रतिशत रही है एवं पूरे वित्तीय वर्ष 2022-23 में 29 प्रतिशत रही है। इसका आशय यह है कि भारत में निवेश के क्षेत्र में सुधार दृष्टिगोचर है, जो आगे आने वाले समय के लिए आर्थिक विकास दर को और अधिक तेज करने में सहायक होने जा रहा है। वर्तमान में पूंजी निवेश की दर में वृद्धि केंद्र सरकार द्वारा इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में किए जा रहे भारी भरकम राशि के निवेश के चलते हो रही है परंतु अब चूंकि औद्योगिक इकाईयों की कुल उत्पादन क्षमता का 74 प्रतिशत से अधिक उपयोग होने लगा है अत: अब निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा भी भारत में अपने निवेश को बढ़ावा दिया जाएगा, इससे शीघ्र ही सकल स्थायी पूंजी निर्माण की दर में और अधिक सुधार दिखाई देने लगेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए यह भी एक संतोष का विषय है कि भारत में मानसून पिछले 4 – 5 वर्षों में लगातार अच्छा बना रहा है एवं इस वर्ष भी भारत में सामान्य बारिश होने की सम्भावना व्यक्त की गई है। भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत होने के कारकों में शामिल हैं, केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक क्षेत्र में लागू किए गए विभिन्न सुधार कार्यक्रम, भारत में निवेश के लिए बेहतरीन माहौल तैयार करना, भारत में 130 करोड़ से अधिक नागरिकों का उपभोक्ता बेस उपलब्ध होना अर्थात विशाल घरेलू मार्केट, जिसके चलते भारतीय अर्थव्यवस्था तेज गति से आगे बढ़ती जा रही है। भारत में वस्तु एवं सेवा कर कानून, बैंकिंग क्षेत्र में दिवालियापन कानून एवं उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के लागू करने का भी भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव पड़ता दिखाई दे रहा है। रोजगार के अवसर कृषि क्षेत्र से निकालकर सेवा क्षेत्र एवं उद्योग क्षेत्र में उत्पन्न किए जाने के प्रयास भी युद्ध स्तर पर किए जा रहे हैं, ताकि देश में मानव पूंजी का उचित तरीके से इस्तेमाल किया जा सके। कृषि के अलावा भारत अब रक्षा क्षेत्र एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है एवं उच्च तकनीकी का उपयोग कर निर्मित किए गए उत्पादों के निर्यात में भी तेजी आ रही है।

# नये युग के कैरियर विकल्प

(लेखक – विजय गर्ग)

दशकों पहले कैरियर पेशेवर डॉक्टरों, इंजीनियरों, वकीलों और सरकारी नौकरियों तक ही सीमित थे, जिसका विस्तार कई विज्ञान और वाणिज्य विकल्पों तक हो गया है। हालाँकि, इस करियर परिवर्तन का सबसे रोमांचक हिस्सा इसका भविष्य है। अब क्या, आगे क्या? आज सबसे अधिक मांग वाली नौकरियाँ पाँच साल पहले भी अस्तित्व में नहीं थीं, और जो 10 साल बाद अस्तित्व में आ सकती हैं, वह अपने आप में काफी रोमांचकारी है। हालाँकि, जैसा कि हम सपने देखते हैं कि भविष्य में हमारी करियर यात्रा में क्या हो सकता है, आइए उन करियर पर नजर डालें जो परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। नए जमाने के करियर विकल्प 1- एथिकल हैकिंग- कई बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ संगठन की संवेदनशील और गोपनीय जानकारी की सुरक्षा के लिए एथिकल हैकर्स को नियुक्त करती हैं। जबकि व्यवसाय आज डिजिटल हो रहा है, और नुकसान चाहने वाले किसी भी व्यक्ति तक असीमित पहुंच है, अधिक डेटा अभिभावकों को किले, या आप जानते हैं, एक सर्वर की आवश्यकता है। 2- ई-रिटेल- फ्लिपकार्ट और अमेज़ॅन ने हमारे खरीदारी के तरीके को बदल दिया है। ई-रिटेलरों की बाजार के बारे में अपनी जानकारी का उपयोग करने और खरीदारी के पहले से ही सुखद अनुभव को और अधिक खुश करने की मांग है। 3- ग्राफिक डिजाइनिंग- आजकल कोई भी पाठ पढ़ना पसंद नहीं करता है, हर कोई स्पष्ट, सीधे चेहरे वाली जानकारी पसंद करता है, जो आंखों को भाती है। कोई आश्चर्य नहीं, ग्राफिक डिजाइनर संचार में अगली बड़ी चीज हैं। 4- रचनात्मक लेखन- ग्राफ़िक डिज़ाइनिंग के सहयोगी क्षेत्र में, रचनात्मक लेखक ऐसी सामग्री विकसित करते हैं जो पाठक को जोड़ती है, संलग्न करती है और उसका ध्यान खींचती है। 5- ऐप डेवलपमेंट- ऐप डेवलपर ऐसे सॉफ़्टवेयर बनाने के लिए प्रोग्रामिंग का उपयोग करते हैं जो क्लाइंट की आवश्यकताओं से मेल खाते हैं और उनके व्यवसायों के कामकाज को सरल बनाते हैं। 6- शादी की फोटोग्राफी- तस्वीरों के माध्यम से यादें जीवन भर बनी रहती हैं। चूँकि शादियाँ जीवन से भी बड़ी होती जा रही हैं, तो तस्वीरें क्यों नहीं होनी चाहिए? 7- समीक्षा करना- किसी नए उद्यम के लिए स्थिति बनाने या बिगाड़ने के लिए एक सोशल मीडिया पोस्ट ही काफी है। समीक्षक विभिन्न उद्यमों द्वारा पेश किए गए उत्पादों और सेवाओं की समीक्षा करते हैं, जिनमें भोजन, गैजेट, यात्रा और बहुत कुछ शामिल हो सकते हैं। 8- ब्लॉगिंग- एक ब्लॉगर ऐसे ब्लॉग पोस्ट विकसित करता है जो दर्शकों से जुड़ते हैं। वे आम तौर पर आत्म-अभिव्यक्ति का माध्यम होते हैं, जहां ब्लॉगर अपनी राय, विश्वास और समझ व्यक्त करते हैं, लेकिन कुछ संगठनों के लिए भी लिखते हैं, जहां वे व्यवसाय और उसकी पेशकशों के बारे में विस्तार से बताते हैं। 9- सोशल मीडिया प्रबंधन- मार्केटिंग के बुनियादी सिद्धांतों में से एक है जो दिखता है, वो बिकता है, सोशल मीडिया मैनेजर इसी पर काम करते हैं, और आपके उत्पादों को वर्चुअल स्पेस में ब्रांड करते हैं, क्योंकि जब दुनिया ऑनलाइन है, तो आपका व्यवसाय क्यों नहीं होना चाहिए? 10- फैशन स्टाइलिंग और पर्सनल शॉपिंग- फैशन स्टाइलिस्ट और व्यक्तिगत खरीदार, दो काम करते हैं – वे ग्राहक की शैली का आकलन करते हैं, और फिर कपड़े और सहायक उपकरण ढूंढने के लिए खरीदारी की होड़ में निकल जाते हैं जो उन पर अच्छे लगेंगे। आइए प्रादा के बारे में बात करें, दोस्तों! 11- छवि परामर्श- यह समझना हमेशा से मानवीय आवश्यकता रही है कि हम अन्य लोगों के सामने कैसे दिखते हैं, और हम खुद को बेहतर इंसान बनने के लिए कैसे परिष्कृत कर सकते हैं। छवि सलाहकार सिर्फ काम करते हैं। वे लोगों के साथ आंतरिक स्तर पर आत्मविश्वास निर्माण, संवारने, शारीरिक भाषा और संचार पर काम करते हैं, ताकि उनका बाहरी आत्म अधिक आश्वस्त हो। 12- डांस थेरेपी- नृत्य एंडोर्फिन जारी करने में मदद करता है, और एंडोर्फिन क्या करते हैं? वे तुम्हें खुश करते हैं! नृत्य चिकित्सक आपके तनावपूर्ण दैनिक मामलों का ध्यान रखने के लिए संगीत, नृत्य और व्यायाम के संयुक्त स्वर का उपयोग करते हैं। 13- समुद्री विज्ञान एवं समुद्र विज्ञान- समुद्री वैज्ञानिक और समुद्र विज्ञानी जलविज्ञान में जटिल संबंधों का अध्ययन करते हैंचक्र, और पानी के नीचे के पारिस्थितिकी तंत्र की भी जांच करें। वे जलवायु परिवर्तन और महासागरों पर इसके प्रभाव का विस्तार से अध्ययन करते हैं, और रोकथाम और नियंत्रण के उपाय सुझाते हैं। 14- वन्यजीव संरक्षण- वन्यजीव संरक्षणवादी वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास में काम करते हैं, जिसे वे संरक्षित करना चाहते हैं, और अक्सर इसकी रक्षा, रखरखाव और वृद्धि करते हैं। वे कुछ प्रजातियों के विलुप्त होने के कारणों का भी अध्ययन करते हैं, और विलुप्त होने के कगार पर मौजूद प्रजातियों को बचाने के लिए अभियान डिजाइन करते हैं और प्रयास करते हैं। 15- वाइन चखना- सोमेलियर वाइन का स्वाद चखते हैं और इसके लिए उन्हें भुगतान मिलता है। (ड्रीम जॉब अलर्ट!) वे विभिन्न वाइन और खाद्य संयोजनों पर रेस्तरां को सलाह देते हैं और वाइन पर गहरा और व्यापक ज्ञान रखते हैं। वे अक्सर कैफे और रेस्तरां के लिए मेनू तैयार करते हैं, और उत्तम वाइन की तलाश में दूर-दूर तक यात्रा करते हैं। 16- पालतू जानवरों को संवारना- सोचा था कि फैशन, स्टाइलिंग और मैनीक्योर और पेडीक्योर सिर्फ इंसानों तक ही सीमित थे, अन्यथा सोचें। आजकल पालतू जानवरों को भी विलासितापूर्ण उपचार दिया जाता है, और इस प्रकार उनकी देखभाल भी की जाती है। पालतू जानवरों को संवारना पश्चिम में एक बड़ा चलन है और भारत में भी यह तेजी से गति पकड़ रहा है। 17- यूट्यूबिंग- ङ्ख्शह्वञ्जह्वड्डद्गह्म इसे स्वयं करने में विश्वास करते हैं, और ओवरटाइम सब्सक्राइबर बनाने के लिए ङ्ख्शह्वञ्जह्वड्ढद्ग चैनल और वीडियो ब्लॉग बनाते हैं। वे अद्वितीय सामग्री प्रकाशित करते हैं जो दर्शकों से जुड़ती है, और इसमें वृत्तचित्र, संगीत वीडियो, वेब श्रृंखला, संगीत कवर, खाना पकाने, फैशन और बहुत कुछ शामिल हो सकते हैं। 18- स्टैंडअप कॉमेडी- भारतीय टेलीविजन उद्योग पारंपरिक सास-बहू गाथाओं से आगे बढ़ रहा है और मनोरंजन की अन्य शैलियों की खोज कर रहा है, स्टैंड-अप कॉमेडियन की मांग निश्चित रूप से बढ़ेगी। इसके अलावा लाइव कॉमेडी शो और ऑनलाइन वीडियो की संस्कृति भी बढ़ रही है। अच्छी हंसी किसे पसंद नहीं है, है ना? 19- स्पा प्रबंधन- वे कहते हैं कि एक अच्छा स्पा उपचार एक थेरेपी है। क्या आपने कभी सोचा है कि स्पा कंपनियों को इतने सारे प्रशिक्षित पेशेवर कैसे मिल जाते हैं? आइए एक आरामदायक करियर के बारे में बात करें, क्या हम? 20- सार्वजनिक स्वास्थ्य कीट विज्ञान- कीटविज्ञान कीड़ों और उनके पारिस्थितिकी तंत्र का अध्ययन है।

सार्वजनिक स्वास्थ्य कीट विज्ञान में करियर के लिए मानव स्वास्थ्य पर उनके प्रभावों पर शोध करना होगा। एक-एक करके महामारी की रोकथाम करना। 21- पर्यावास नीति एवं व्यवहार- पर्यावास नीति निर्माता और व्यवसायी विभिन्न प्रजातियों द्वारा बसाए गए पर्यावासों पर ध्यान केंद्रित करते हैं और निवासियों के अधिकारों, सामाजिक संरचना और गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। उनका क्षेत्र अनुसंधान, अचूक योजना और प्रभावी कार्यान्वयन से प्रेरित है। 22- फोटोनिक्स- ऑप्टिकल तकनीक और इलेक्ट्रॉनिक्स का मिश्रण, यह क्षेत्र प्रकाश के गुणों पर ध्यान केंद्रित करता है और इसे कैसे सर्वोत्तम लाभ पहुंचाया जा सकता है।

# मणिपुर में अपने ही राज्यपाल पर केन्द्र को विश्वास नहीं

(लेखक – सनत जैन)

मणिपुर में पिछले 2 माह से लगातार हिंसक घटनाएं हो रही हैं। सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं। सैकड़ों चर्च और मंदिर जला दिए गए हैं। नगा समुदाय और कुकी समुदाय के बीच में जो वैमनस्यता पिछले कुछ दिनों में फैलाई गई थी। उसकी परिणति इन हिंसक घटनाओं में सामने देखने को मिल रही है। मुख्यमंत्री वीरेन सिंह दोनों ही समुदायों का विश्वास खो चुके हैं। इस हिंसा में दोनों ही पक्षों को भारी नुकसान हुआ है। लगभग 60,000 शरणार्थी अपने ही प्रदेश में अपना घर छोड़कर शिविरों में रहने के लिये विवश हो गए हैं। शरणार्थी शिविरों में न्यूनतम सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं है। खाने-पीने, दवाइयां, रहने-सोने को लेकर शरणार्थी शि विरों में लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कुकी और नगा समुदाय के नेता दिल्ली आकर केन्द्र सरकार से मुख्यमंत्री को हटाने की बात कर चुके हैं। जिन लोगों ने दोनों वर्गों के बीच में वैमनस्यता फैलाई है। उनके सत्ता में रहते हुए आखिर शांति कैसे स्थापित हो सकती है। केंद्र सरकार की ओर से अभी तक गृह मंत्री अमित शाह ही वहां पर गए थे। उन्होंने बैठक लेकर कानून व्यवस्था की समीक्षा की। लेकिन उन्होंने भी दोनों पक्षों के शरणार्थी शिविरों में जाकर उनकी समस्याओं को जानने की को शिश नहीं की। जिसके कारण उनके लौटने के बाद मणीपुर में हिंसा और भी बढ़ गई। 2 महीने से मणीपुर में इंटरनेट बंद है। लोगों को खाने पीने में परेशानी हो रही है। लोग अपने घर में सुर क्षित नहीं हैं। लेकिन सरकार और नेशनल मीडिया मैं मणिपुर को लेकर कोई चर्चा भी नहीं हो रही है। ऐसी स्थिति में वहां के लोगों का आपा खो देना, सरकार और व्यवस्था को लेकर उनकी नाराजगी को बढ़ा रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी मणिपुर की यात्रा में गए। पहली बार वहां के निवासियों को लगा कि कोई उनकी बात को सुनने के लिए आया है। मणीपुर के शरणार्थी शिविर में लोगों ने अपनी समस्यायें बताईं। शां ति स्था पित किस तरह से हो सकती है। दोनों समुदायों के बीच समन्वय बनाकर शां ति स्था पित करने के लिये उनकी बातें सुनीं। उसका स्वागत सारे मणीपुर ने किया। केंद्र सरकार को मणीपुर के मुख्यमंत्री को हटाकर वहां राष्ट्रपति शासन लगा देना चाहिए था। आदिवासी महिला वहां की राज्यपाल हैं। वह मृदुभाषी हैं। मणिपुर में महिलाएं ही सामाजिक एवं राजनीतिक व्यवस्था में अग्रणी है। राज्यपाल अनसुईया उइके भाजपा संगठन में वर्षों तक काम कर चुकी है। केंद्र सरकार यदि अपने द्वारा नियुक्त राज्यपाल के ऊपर विश्वास नहीं कर पा रही है। भाजपा अभी भी मुख्यमंत्री वीरेन सिंह के ऊपर आश्रित है। इस स्थिति में तो भगवान ही मालिक है। शुक्रवार को यह खबर थी कि मुख्यमंत्री अपना इस्तीफा देंगे। उन्हें केंद्र से इस्तीफा देने का निर्देश दिया गया था। उन्होंने अपना इस्तीफा राज्यपाल को नहीं सौंपा। राजनीति में जिस तरह का ड्रामा होता है, एक सुनियोजित भीड़ आई और उसने मुख्यमंत्री के इस्तीफे को फाड़ दिया। इस घटना से केंद्र सरकार की ही किरकिरी हुई है। केंद्र सरकार को यदि उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया थाख् तो उन्हें बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू कर देना चाहिए था। ताकि शासन पर आम जनता का विश्वास बढ़े। जिस हल्के ढंग से मणिपुर के मामले को केंद्र सरकार ले रही है।



यह केंद्र सरकार की सबसे बड़ी गलती है। मणिपुर सीमावर्ती राज्य है। इसकी सीमाएं चीन और म्यामार से लगी हुई है। इसका असर अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में भी पड़ना तय माना जा रहा है। इस गंभीर मसले पर केंद्र सरकार की अनदेखी सभी को आश्चर्य में डाल रही है। उसका खा मियाजा देश और भाजपा को भुगतना होगा।

# प्रभास सालार और प्रोजेक्ट-के में आएंगे नजर

## -प्रोजेक्ट-के को बताया जा रहा सबसे महंगी भारतीय फिल्म



साउथ के सुपर स्टार प्रभास जल्द ही सालार और प्रोजेक्ट-के में नजर आने वाले हैं। इसमें से प्रोजेक्ट-के को अब तक की सबसे महंगी भारतीय फिल्म कहा जाता है। जहां चर्चा लगातार बढ़ती जा रही है, वहीं वरिष्ठ निर्देशक तम्मारेड्डी ने फिल्म की बॉक्स ऑफिस क्षमता के बारे में सनसनीखेज दावा किया है।

नाग अश्विन की निर्देशित, प्रोजेक्ट-के में लीड एक्टर्स के तौर पर काफी बड़े-बड़े नाम शामिल हैं। अमिताभ बच्चन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी इस फिल्म का हिस्सा है। ऐसी टीम के साथ, इस बड़ी फिल्म से उम्मीदें बहुत अधिक हैं, और यह कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी अगर प्रोजेक्ट-के भारतीय सिनेमा में पहले से मौजूद सभी रिकॉर्ड तोड़ दे।हाल ही में, निर्देशक तम्मारेड्डी ने प्रोजेक्ट के की तारीफ की, जिस तरह से यह नाग अश्विन के निर्देशन में बन रहा है।

उन्हें लगता है कि मजबूत स्टारकास्ट, प्रभास का स्टारडम और एक अच्छी कहानी इसे काफी आगे तक लेकर जाएगी। तम्मारेड्डी का दावा है कि फिल्म पहले दिन 500 या 600 करोड़ का आंकड़ा छू लेगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, तम्मारेड्डी ने कहा, प्रोजेक्ट के, नागा अश्विन की फिल्म में प्रभास, अमिताभ बच्चन और दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिका में हैं। हाल ही में कमल हासन भी इसका हिस्सा बने। अगर वो फिल्म को ठीक से पेश कर सकें, तो वर्ल्ड वाइड बॉक्स ऑफिस पर इसके टॉप लिस्ट में जाने की संभावना है। क्योंकि मैं सेट पर गया हूं और जिस तरह से नाग अश्विन की फिल्म बनाई जा रही है, उसे देखने के बाद यह कह रहा हूं।

निर्देशक, जिन्होंने ऑस्कर अभियान के लिए कथित तौर पर 80 करोड़ रुपये खर्च करने के लिए आरआरआर के निर्माताओं की आलोचना की थी। उन्होंने आगे कहा, 'मुझे विश्वास है कि अगर वे फिल्म को सही ढंग से रिलीज करते हैं, तो यह एक पैन इंडिया फिल्म होगी जो दुनियाभर में रिकॉर्ड तोड़ देगी। बता दें कि आदिपुरुष की असफलता के बाद, फिल्म के सभी कलाकार अपने अगले प्रोजेक्ट में बिजी हो गए हैं। जिसमें से प्रभास का भी नाम शामिल है। एक्टर के पास अपकमिंग फिल्मों की लंबी फेहरिस्त है।



# ब्लाइंड का पहला टीज़र रिलीज़

बालीवुड फिल्म के निर्देशक सोम मखीजा की फिल्म ब्लाइंड का पहला टीज़र रिलीज़ हो गया है। यह फिल्म सोनम और पूरब कोहली, जो जाहिर तौर पर फीचर में मुख्य प्रतिद्वंद्वी की भूमिका निभाते हैं, के पात्रों के बीच एक दिलचस्प बिल्ली और चूहे की दौड़ का वादा करती है। सोनम कपूर की मुख्य भूमिका और पूरब कोहली की महत्वपूर्ण भूमिका वाली लघु प्रोमो वीडियो में, हम सोनम को स्कॉटलैंड में कई लापता महिलाओं के मामले में न्याय दिलाने की कसम खाते हुए देखते हैं क्योंकि पूरब का चरित्र उसे अपनी गली में रहने की चेतावनी देता है। सोनम कपूर ने अपने पहले बच्चे वायु के गर्भवती होने से पहले ब्लाइंड की शूटिंग की थी। ब्लाइंड अगले महीने रिलीज हो रही है, जिसे मेरे गर्भवती होने से ठीक पहले शूट किया गया था। इसलिए आगे देखने के लिए बहुत कुछ है। सोनम कपूर को आखिरी बार विक्रमादित्य मोटवाने की फिल्म एके बनाम एके में एक विस्तारित कैमियो भूमिका में देखा गया था।


# 'सत्यप्रेम की कथा' ने जीता दर्शकों का दिल

बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी इन दिनों अपनी फिल्म 'सत्यप्रेम की कथा' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। फिल्म ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हुई है, जिसे दर्शकों का अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। 'सत्यप्रेम की कथा' में कियारा ने कथा की भूमिका निभाई है। फिल्म में अभिनेत्री के अभिनय को जमकर सराहा जा रहा है। इन सब के बीच अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा ने भी अपनी पत्नी पर प्यार लुटाया है और फिल्म में उनके अभिनय की तारीफ़ की है।

गुरुवार को, सिद्धार्थ ने सोशल मीडिया हैंडल पर एक स्टोरी शेयर की थी। इस स्टोरी में उन्होंने कियारा की तस्वीर के साथ साझा की और उनकी जमकर तारीफ की। अभिनेता ने लिखा, 'एक प्रासंगिक सामाजिक संदेश वाली एक प्रेम कहानी, जो पूरी कास्ट के शानदार प्रदर्शन से भरपूर है, लेकिन कथा तुम्हारे पास मेरा दिल है। @kiaraaliaadvani बहुत खुशी है कि आपने यह किरदार निभाने के लिए चुना। इतना प्रभावशाली और सूक्ष्म प्रदर्शन, आपको और पूरी टीम को धन्यवाद।' सिद्धार्थ की स्टोरी को कियारा ने शेयर करते हुए उन्हें सुर्खिया कहा।




# फिल्म गदर 2 को लेकर सुर्खियां में अमीषा



बालीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल अपनी अपकमिंग फिल्म गदर 2 को लेकर सुर्खियां में हैं। फिल्म में एक्ट्रेस एक बार फिर को-स्टार सनी देओल संग जोड़ी बनाती नजर आएंगी। ऐसे में गदर 2 को देखने के लिए लोग काफी एक्साइटड हैं। इसी बीच लीड एक्ट्रेस अमीषा मुंबई की माहिम दरगाह में फिल्म के लिए आशीर्वाद लेने पहुंची, जहां से उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। बता दें कि फिल्म स्टार्स ने गदर 2 का प्रमोशन भी शुरु कर दिया है।

# फिल्म पुष्पा 2 की शूटिंग की शुरू

अल्लू अर्जुन स्टारर अपकमिंग फिल्म पुष्पाः द रूल की शूटिंग रश्मिका मंदाना ने शुरू कर दी है। फिल्म सेट से उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की और कैप्शन दियाः हैशटैग नाइटशूट। वह पुष्पा 2 में भी श्रीवल्ली की भूमिका निभाएंगी। फिल्म का निर्देशन संदीप रेडी वांगा ने किया है वर्कफ्रंट की बात करें तो रश्मिका रेनबो और वीएनआर ट्रायो में भी नजर आएंगी।रश्मिका ने अपनी अपकमिंग फिल्म एनिमल की शूटिंग पूरी कर ली है, जिसमें रणबीर कपूर हैं।





# 3 लाख रुपए फीस चार्ज करती है टीवी की अनुपमा

टीवी धारावाहिक 'अनुपमा' में मशहूर एक्ट्रेस रूपाली गांगुली का किरदार तो अब लोगों का फेवरेट बन चुका है। अपने इस किरदार की वजह से आज 46 साल की इस एक्ट्रेस पर लोग दिल खोलकर प्यार लुटाते हैं। तो चलिए आज जानते हैं अनुपमा यानी रुपाली की नेट वर्थ कितनी है। अनुपमा बनकर लोगों के दिलों पर राज कर रही रुपाली गांगुली असल जिंदगी में भी काफी डाउन टू अर्थ हैं। उनके नेचर की वजह से ही फैंस उनसे इतना कनेक्ट कर पाते हैं। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, रूपाली गांगुली 'अनुपमा सीरीयल' के एक एपिसोड के लिए 3 लाख रुपये फीस चार्ज करती हैं। वहीं एक्ट्रेस की कुल संपत्ति 2023 तक 20 करोड़ है।

टैलेंट और पॉपुलैरिटी के चलते एक्ट्रेस की नेटवर्थ हर साल बढ़ती जा रही है।टीवी सीरियल एक्ट्रेस की कमाई का मुख्य जरिया है। इसके अलावा वह ब्रांड एंडोर्समेंट, गेस्ट अपीयरेंस और दूसरे प्रोजेक्ट्स के लिए भी काम करके अच्छा पैसा कमाती हैं। शायद ही कोई जानता हों कि एक्ट्रेस एक्टिंग के अलावा एडवर्टाइजमेंट बिजनेस से भी जुड़ी हुई हैं हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक रूपाली एक एड एजेंसी भी चला रही हैं। साल 2000 में अपने पिता अनिल गांगुली के साथ मिलकर उन्होंने इसकी शुरुआत की थी।बात अगर रूपाली गांगुली के घर की करें तो मुंबई में उनका आलीशान घर है। उनके आशियाने में तीन बड़े बेडरूम हैं और एक लग्जरी ड्रॉइंग रूम शामिल है।

रूपाली का घर कई सुविधाओं से लैस है। टीवी की अनुपमा लग्जरी कारों की भी बहुत शौकीन हैं और उनके पास शानदार कार कलेक्शन हैं। उनकी गाड़ियों की लिस्ट में महिंद्रा थार और एक मर्सिडीज शामिल हैं।रूपाली ने 2021 में महिंद्रा थार और 2023 में मर्सिडीज खरीदी थी। अपने सीरियल अनुपमा में रुपाली एक ऐसी महिला का किरदार निभा रही हैं, जो पढ़ी-लिखी नहीं है और अपने घर का पूरा ख्याल रखती है। अनुपमा के किरदार से एक्ट्रेस को नई पहचान मिली है। बता दें कि टीवी की मशहूर एक्ट्रेस रूपाली गांगुली आज किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। अपनी दमदार एक्टिंग की वजह से आज एक्ट्रेस लाखों दिलों पर राज कर रही हैं।




## नोकिया व एप्पल ने लॉन्ग-टर्म पेटेंट लाइसेंस एग्रीमेंट पर किए हस्ताक्षर

**मुंबई ।** नोकिया ने एप्पल के साथ एक नए पेटेंट लाइसेंस समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो 2023 के अंत में समाप्त होने वाले मौजूदा लाइसेंस की जगह लेगा। एप्पल ने 2009 में आईफोन की कॉपी करने के प्रयास के लिए नोकिया पर मुकदमा दायर किया था, क्योंकि नोकिया ने कॉपीराइट उल्लंघन के लिए एप्पल पर मुकदमा दायर किया था। 2011 में मामला सुलझ गया। 2016 में, उन्होंने 2017 में एक समझौते पर पहुंचने से पहले फिर से मुकदमा दायर किया, जहां एप्पल ने नोकिया को 2 बिलियन डॉलर का भुगतान किया। नया लाइसेंस समझौता 5जी और अन्य टेक्नोलॉजी में नोकिया के फंडामेंटल इन्वेंशन को शामिल करता है। नोकिया को मल्टी-ईयर पीरियड के लिए एप्पल से पेमेंट्स प्राप्त होगा। नोकिया टेक्नोलॉजीज के अध्यक्ष जेनी लुकेंडर ने कहा, हमें एप्पल के साथ ऐमकबल बेसिस पर लॉन्ग-टर्म पेटेंट लाइसेंस एग्रीमेंट करने पर खुशी है। यह एग्रीमेंट नोकिया के पेटेंट पोर्टफोलियो की स्ट्रेंथ, अनुसंधान एवं विकास में दशकों पुराने निवेश और सेलुलर स्टैंडर्ड और अन्य टेक्नोलॉजी में योगदान को दर्शाता है। नोकिया का उद्योग-अग्रणी पेटेंट पोर्टफोलियो 2000 से अनुसंधान एवं विकास में निवेश किए गए 140 बिलियन यूरो से अधिक पर बनाया गया है और यह लगभग 20,000 पेटेंट परिवारों से बना है, जिसमें 5,500 से अधिक पेटेंट परिवार शामिल हैं जिन्हें 5त्न के लिए आवश्यक घोषित किया गया है।

## जोमेटो ने पेश किया खानपान के रुझान बताने वाला मंच

**नई दिल्ली ।** ऑनलाइन ऑर्डर लेकर खाना पहुंचाने वाली कंपनी जोमैटो ने शुक्रवार को खानपान के रुझान बताने वाले एक आंकड़ा विश्लेषण मंच की पेशकश की। इस मंच का मकसद रेस्टोरेंट भागीदारों को मूल्य, व्यंजन और स्थान को लेकर आंकड़ा आधारित नजरिया अपनाने में सहायता करना है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि जोमेटो फूड ट्रेंड एक खुला मंच है, जो आम जनता के लिए मुफ्त में उपलब्ध है और यह भारत के सैकड़ों शहरों में लाखों लेनदेन के आंकड़ों का विश्लेषण करके एक नजरिया देगा। बयान में कहा गया कि रेस्टोरेंट भागीदार इन जानकारियों का उपयोग अपनी रणनीतियां बना सकते हैं और अपनी सफलता को बढ़ाने के लिए आंकड़ा आधारित फैसले कर सकते हैं। कंपनी ने कहा कि फैसले करने की दिशा में आंकड़ा आधारित नजरिया अपनाने से वर्तमान और नए रेस्टोरेंट भागीदार दोनों को मदद मिलेगी।

## गोदरेज एल अफेयर सेलेक्ट के पहले संस्करण का अनावरण हुआ

**नई दिल्ली ।**

गोदरेज ग्रुप द्वारा क्यूरेटेड अनुभवात्मक लक्जरी जीवनशैली प्लेटफॉर्म, गोदरेज एल अफेयर ने अपने प्रभावशाली व्यक्ति की खोज प्रोग्राम गोदरेज एल अफेयर सेलेक्ट के पहले संस्करण का अनावरण किया। भारत के शीर्ष कंटेंट क्रिएटर रणवीर अल्लाहबदिया की सहायता से, गोदरेज एलअफेयर सिलेक्ट भारत भर में कंटेंट क्रिएटर्स के लिए अपनी तरह का पहली खोज है। गोदरेज एलअफेयर सेलेक्ट का मकसद है वो अपने अनूठे स्क्वॉड प्रोग्राम के साथ भारत के आगामी 25 इन्फ्लुएंसर्स को सलाह देने के साथ उनको पोषण प्रदान करे। प्रतिभागियों को अवधारणा, प्रासंगिकता, रुचि कारक और वीडियो की समय दक्षता, कंटेंट की गुणवत्ता और निष्पादन, हैशटैग, कैप्शन, कवर छवियों के उपयोग के लिए अपलोड किए गए रीलों, प्रभावशाली व्यक्ति श्रेणी के अनुसार ब्रांड एकीकरण, प्रोफ़ाइल इंगेजमेंट और प्रदर्शन और प्रासंगिकता की अवधारणा के आधार पर तीन चरणों में आंका जाएगा। गोदरेज इंडस्ट्रीज लिमिटेड और एसोसिएट कंपनियों के कार्यकारी निदेशक और मुख्य ब्रांड अधिकारी तान्या दुबाश ने बताया कि चाहे वह हमारे दैनिक जीवन के विकल्प हों या हमारे द्वारा उपयोग किए जाने वाले ब्रांड, कंटेंट क्रिएटर हमारी राय को आकार दे रहे हैं। यह एक शहर तक ही सीमित नहीं रह गया है और अब हम शहरों, कस्बों और गांवों से अच्छे कंटेंट क्रिएटर्स को निकलते हुए देख रहे हैं। एक इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग फर्म ज़ेफ़मो के अनुसार, भारत के पास विश्व स्तर पर सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स का सबसे बड़ा आधार होगा।

# टमाटर की कीमत अगले 15 दिन में कम होने की उम्मीद

### जून-अगस्त और अक्टूबर-नवंबर के दौरान कम हो जाता है टमाटर का उत्पादन, इसलिए हो जाता है महंगा

**नई दिल्ली ।**

सरकार को उत्पादक केंद्रों से आपूर्ति बढ़ने के साथ टमाटर की कीमतें अगले 15 दिनों में कम होने और एक महीने में सामान्य स्तर पर आ जाने की उम्मीद है। कई प्रमुख शहरों में टमाटर की कीमत 100 रुपए किलो से भी अधिक हो गई है। उपभोक्ता मामलों के विभाग में सचिव रोहित कुमार सिंह ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि हिमाचल प्रदेश के सोलन और सिरमौर जिलों से बेहतर आपूर्ति होने पर राष्ट्रीय राजधानी में टमाटर की खुदरा कीमतें तुरंत कम हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि टमाटर की कीमत में वृद्धि की घटना हर साल इसी समय होती है। हर देश में प्रत्येक कृषि वस्तु मूल्य चक्र में एक मौसमी स्थिति से गुजरती है। जून में इसकी कीमतें उच्च स्तर पर पहुंच गईं हैं। उन्होंने कहा कि टमाटर एक जल्द खराब होने वाला उत्पाद है और मौसम एवं अन्य कारणों से टमाटर की आपूर्ति भी बाधित हुई है। उन्होंने कहा कि जून-अगस्त और अक्टूबर-नवंबर के दौरान टमाटर का उत्पादन कम हो जाता है और इस अवधि में कीमतों में आम तौर पर तेज वृद्धि देखी जाती है। उन्होंने कहा कि 29 जून को टमाटर की अखिल भारतीय औसत खुदरा कीमत 49 रुपए प्रति किलोग्राम थी, जबकि एक साल पहले इसी दिन यह 51.50 रुपए प्रति किलोग्राम थी। मैं इस दर को उचित नहीं ठहरा रहा हूं। यह मौसमी समस्या को साबित करता है। इसे एक जटिल समस्या बताते हुए सचिव ने कहा कि सरकार इस पर गौर कर रही है और पूरे वर्ष इसकी आपूर्ति सुव्यवस्थित करने के लिए समाधान ढूंढ रही है। इसके लिए ग्रैंड टोमेटो चैलेंज शुरु किया गया है।

यह एक हैकथॉन की तरह है जहां टमाटर के प्राथमिक प्रसंस्करण, भंडारण और मूल्य निर्धारण पर छात्रों से लेकर उद्योग जगत के अंशधारकों तक के विचार आमंत्रित किए जा रहे हैं। उपभोक्ता मामलों के विभाग के आंकड़ों के अनुसार 30 जून को अखिल भारतीय आधार पर टमाटर का औसत खुदरा मूल्य 56.58 रुपए प्रति किलोग्राम कि। मॉडल मूल्य 100 रुपए प्रति किलोग्राम है जबकि अधिकतम मूल्य 123 रुपए प्रति किलोग्राम है।

## पिछले चार दिनों में 10 रुपए महंगा हुआ प्याज



**नई दिल्ली ।** देश में टमाटर की कीमतों में रिकॉर्ड बढ़ोतरी के बाद अब प्याज भी महंगा हो गया है। पिछले 4 दिनों के अंदर प्याज की कीमतें बढ़ गई हैं। 15 रुपए किलो बिकने वाले प्याज की कीमत अब 20 से 25 रुपए हो गई है। इस तरह प्याज भी पिछले 4 दिनों में 10 रुपए महंगा हो गया है। प्याज का थोक भाव में 25 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। प्याज की सबसे बड़ी मंडी लासलगांव में प्याज 1300 रुपए क्विंटल पहुंच गया। ऐसे में दुकानदारों का कहना है कि आने वाले दिनों में प्याज की कीमत में और बढ़ोतरी हो सकती है। सरकार ने करीब दो महीने पहले किसानों से करीब 0.14 मिलियन टन प्याज का स्टॉक खरीदा है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने अप्रैल में कहा था कि केंद्र सरकार 2023-24 सीजन के लिए 3 लाख टन प्याज बफर स्टॉक में रखेगी। वहीं पिछले सीजन 2022-23 के लिए 2.51 लाख टन प्याज बफर स्टॉक में रखे गए थे। दूसरी ओर, भारत सरकार ने इस महीने की शुरुआत में बताया था कि 2021-22 में प्याज का उत्पादन 31.69 मिलियन टन से गिरकर 31.01 मिलियन टन होने का अनुमान है। वहीं देश भर में पहले उच्च गर्मी और फिर लगातार बारिश के कारण टमाटर की कीमतों पर असर पड़ा है। भारत बारिश और हद से ज्यादा गर्मी से फसल खराब होने के कारण आपूर्ति में कमी आई है। ऐसे में टमाटर की कीमतें बढ़कर 80 से 120 रुपए प्रति किलोग्राम हो चुके हैं यानी कि प्रति किलो पर 70 से 90 रुपए तक की बढ़ोतरी हुई है। मौसम के कारण टमाटर के अलावा थोक और खुदरा बाजार में अन्य सब्जियों की कीमत बढ़ी है।

## देश का विदेशी कर्ज 5.6 अरब डॉलर बढ़ा

**नई दिल्ली ।** देश का विदेशी कर्ज मार्च 2023 के आखिरी में मामूली बढ़कर 624.7 अरब डॉलर हो गया है। हालांकि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक कर्ज-जीडीपी का अनुपात कम हुआ है। मार्च 2022 में विदेशी कर्ज 619.1 अरब डॉलर था, जो 5.6 अरब डॉलर बढ़ा है। मार्च 2023 के आखिर में भारत के विदेशी कर्ज पर जारी रिजर्व बैंक के आंकड़ों में कहा गया है कि विदेशी कर्ज और जीडीपी का अनुपात घटकर मार्च 2023 के आ खिर में 18.9 प्रतिशत रह गया है, जो मार्च 2022 के आ खिर में 20 प्रतिशत था। मूल्यांकन में बढ़ोतरी रुपए और अन्य प्रमुख मुद्राओं येन, एसडीआर और यूरो की तुलना में अमेरिकी डॉलर में मजबूती की वजह से हुई है। केंद्रीय बैंक ने कहा है कि मूल्यांकन के असर को छोड़कर विदेशी कर्ज मार्च 2023 के आ खिर में मार्च 2022 के आ खिर की तुलना में 3.5 अरब डॉलर बढ़कर 26.2 अरब डॉलर हो गया है। मार्च 2023 के आखिर में दीर्घावधि ऋण (एक साल से ऊपर मूल परिपक्वता वाले) 496.3 अरब डॉलर रहा है, जो मार्च 2022 के आखिर के स्तर की तुलना में 1.1 अरब डॉलर कम है।

# शेयर बाजार साप्ताहिक समीक्षा: सेंसेक्स और निफ्टी में डेढ़ फीसदी की तेजी रही

**मुंबई ।**

मजबूत आर्थिक संकेतकों के बीच इन्फोसिस, एचडीएफसी, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज एवं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में भारी खरीदारी से बीते सप्ताह शेयर बाजार लगभग डेढ़ फीसदी तेजी के साथ बंद हुए। बाजार के विशेषज्ञों ने कहा कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के निवेश बनाए रखने और अन्य वजहों से शेयर बाजार में लगातार तेजी देखने को मिल मिली। गुरुवार को ईद के त्योहार के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहे। इसे लिए बीते सप्ताह पांच कारोबारी दिनों में से केवल चार दिन बाजार में कारोबार हुआ। बीते सप्ताह के चार कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो घरेलू शेयर बाजार की हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सपाट शुरुआत हुई है। वैश्विक बाजार से मिले कमजोर संकेतों से सेंसेक्स 86.10 अंकों की बढ़त के साथ 63,065.47 पर खुला और 9.37 अंक की गिरावट के साथ 62,970 पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर निफ्टी 49.10 अंकों की बढ़त के साथ 18,714.60 पर खुला और 25.70 अंक की तेजी के साथ 18,691.20 पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स 176.27 अंकों की बढ़त के साथ 63,146.27 पर खुला और 446.03 अंकों की बढ़त के साथ 63,416.03 पर बंद हुआ। निफ्टी 41.45 अंक चढ़कर 18,732.65 पर खुला और 126.20 अंक मजबूत होकर 18,817.40 पर बंद हुआ।



बुधवार को सेंसेक्स 285.75 अंक के उछाल के साथ 63,701.78 पर खुला और 499.39 अंक की तेजी लेकर 63,915.42 पर बंद हुआ। निफ्टी 18,908.15 के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर 18,900 पर खुला और 154.70 अंक की उड़ान भरकर नई ऊंचाई 18,972.10 पर बंद हुआ। जुलाई सीरीज के पहले कारोबारी दिन शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 300 अंकों के उछाल के साथ 64,215 अंकों पर खुला और 803.14 अंक (1.26 फीसदी) उछाल के साथ 64,718.56 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 139 अंकों के उछाल के साथ खुला और 216.95 अंक (1.14 फीसदी) की तेजी के साथ 19,189.05 पर बंद हुआ।

# मोबाइल-टीवी सहित कई होम अप्लायंसेस होंगे सस्ते

### - वित्त मंत्रालय ने कई सामानों पर लगने वाली जीएसटी दरों में की भारी कटौती

**नई दिल्ली ।**

सरकार की पहल से अब मोबाइल फोन, टीवी, रेफ्रिजरेटर सहित कई होम अप्लायंसेस की कीमत कम हो जाएगी। वित्त मंत्रालय ने ऐसे कई सामानों पर लगने वाली जीएसटी दरों में भारी कटौती कर दी है। वित्त मंत्रालय ने ऐसे सामानों की पूरी लिस्ट जारी की है। पंखे, कूलर, गीजर आदि पर लगने वाले 31.3 प्रतिशत जीएसटी को घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। रेलू उपकरणों में मोबाइल फोन, एलईडी बल्ब, टीवी, फ्रिज समेत इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम पर लगने वाले जीएसटी में बड़ी कटौती की है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक मोबाइल फोन, स्मार्ट टीवी, एलईडी बल्ब, फ्रिज, यूपीएस, वाशिंग मशीन पर लगने वाले 31.3 प्रतिशत जीएसटी को घटाकर 18 प्रतिशत तक कर दिया है। वित्त मंत्रालय ने इस बारे में ट्वीट करते हुई जानकारी शेयर की है। जीएसटी की नई दर के मुताबिक अगर आप 27 इंच या इससे कम साइज का टीवी खरीदेंगे तो आपको अब पहले के मुकाबले कम कीमत देनी होगी। वैसे देखा जाए तो ज्यादातर कंपनियां कम से कम 32 इंच या इससे ऊपर के साइज के टीवी ही बनाती है।



32 इंच या इससे ऊपर के साइज के टीवी पर कोई बदलाव नहीं किया गया है। इन पर पहले की तरह ही 31.3 प्रतिशत जीएसटी लागू रहेगा। सरकार ने मोबाइल फोन पर लगने वाले जीएसटी में भारी कटौती की है। पहले जीएसटी दर 31.3 प्रतिशत थी जिसे घटाकर अब 12 प्रतिशत तक कर दिया गया है। ऐसा होने के बाद मोबाइल फोन मैनुफैक्चरर्स दाम में कटौती कर सकती हैं।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 593.19 अरब डॉलर पर

**मुंबई ।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 जून को समाप्त सप्ताह में 2.901 अरब डॉलर घटकर 593.198 अरब डॉलर रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा जारी किए गए साप्तो हिक आंकड़ों में यह जानकारी दी है। इससे पहले के सप्ताह में देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.35 अरब डॉलर बढ़कर 596 अरब डॉलर हो गया था। अक्टूबर, 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था लेकिन वैश्विक घटनाओं के कारण पैदा हुए दबावों के बीच रुपए को संभालने के लिए मुद्रा भंडार का उपयोग करने से इसमें गिरावट आई है। रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार 16 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.212 अरब डॉलर घटकर 525.44 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर में अभिव्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पौंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में आई घट-बढ़ के प्रभावों को भी शामिल किया जाता है। हालांकि रिजर्व बैंक ने कहा कि स्वर्ण भंडार का मूल्य 74.5 करोड़ डॉलर घटकर 44.304 अरब डॉलर रह गया। आंकड़ों के अनुसार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 8.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.334 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास रखा हुआ देश का मुद्रा भंडार 2.9 करोड़ डॉलर घटकर 5.12 अरब डॉलर रह गया।




ऑस्टिन, टेक्सास, संयुक्त राज्य अमेरिका में ऑस्टिन ऑटो शो 2023 में एक निर्माता ने जीप का प्रदर्शन किया।

# पिछले 12 महीनों में स्विगी को मिले 7.6 करोड़ बिरयानी ऑर्डर!

**नई दिल्ली ।**

ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने एक रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि भारतीयों ने पिछले 12 महीनों में 7.6 करोड़ बिरयानी ऑर्डर दिए हैं। ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी के ऑर्डर विश्लेषण से 2023 की पहली छमाही से कुछ दिलचस्प रुझानों का पता चला है। पिछले साढ़े पांच महीनों में 2022 की तुलना में बिरयानी ऑर्डर में 8.26 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। देश भर में 2.6 लाख से अधिक रेस्तरां स्विगी के माध्यम से बिरयानी पेश करते हैं। इस साल जून तक 7.2 मिलियन ऑर्डर के साथ हैदराबाद बिरयानी खपत में शीर्ष पर है। कंपनी ने बताया कि बेंगलुरु लगभग 5 मिलियन ऑर्डर के साथ दूसरे स्थान पर और चेन्नई लगभग 3 मिलियन ऑर्डर के साथ तीसरे स्थान पर रहा। चेन्नई के एक बिरयानी प्रेमी ने एक ऑर्डर पर 31,532 रुपए की रकम खर्च कर दी। लगभग 85 वेरिएंट और 6.2 मिलियन से अधिक ऑर्डर के साथ दम बिरयानी चैंपियन के रूप में उभरी है। बिरयानी चावल 3.5 मिलियन ऑर्डर के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि हैदराबादी बिरयानी को 2.8 मिलियन से अधिक ऑर्डर मिले। स्विगी के अनुसार देश भर में लोगों ने अपने पसंदीदा व्यंजन के लिए प्रति मिनट 219 ऑर्डर दिए, जिनमें खुशबूदार लखनवी बिरयानी से लेकर मसालेदार हैदराबादी दम बिरयानी और स्वादिष्ट कोलकाता बिरयानी से लेकर सुगंधित मालाबार बिरयानी तक शामिल हैं।




# छोटी बचत योजनाओं पर मिलेगा अब और ज्यादा ब्याज

### – सबसे ज्यादा 0.3 प्रतिशत ब्याज पांच साल के आवर्ती जमा पर बढ़ा

**नई दिल्ली ।**



स्मॉल सेविंग स्कीम में निवेश करने वाले लोगों के लिए सरकार ने मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के लिए कुछ योजनाओं पर ब्याज दर बढ़ा दी है। सरकार ने 2 साल के डिपॉजिट पर 0.10 फीसदी बढ़ोतरी का ऐलान किया है, जबकि 5 वर्ष के रिकरिंग डिपॉजिट पर 0.30 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। सरकार ने यह बढ़ोतरी जुलाई-सितंबर की तिमाही के लिए की है। हालांकि सरकार ने पीपीएफ, नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट, किसान विकास पत्र, सीनियकर सिटीजन सेविंग स्कीम और सुकन्या समृद्धि योजना की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार सबसे ज्यादा 0.3 प्रतिशत ब्याज पांच साल के आवर्ती जमा (आरडी) पर बढ़ाया गया है। इससे चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में आवृत्ति जमा धारकों को 6.5 प्रतिशत ब्याज मिलेगा जो अब तक 6.2 प्रतिशत था। ब्याज दरों की समीक्षा के बाद डाकघरों में एक साल की मियादी जमाओं (एफडी) पर ब्याज 0.1 प्रतिशत बढ़कर 6.9 प्रतिशत मिलेगा। वहीं दो साल की मियादी जमा पर ब्याज अब 7.0 प्रतिशत होगा जो अब तक 6.9 प्रतिशत था। सरकार हर तिमाही में छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दरों की समीक्षा करती है। पिछली बार सरकार ने अप्रैल-जून 2023 तिमाही के लिए अधिकांश स्मॉल सेविंग स्कीम की ब्याज दरों में 70 बेसिस पॉइंट (बीपीएस) तक की बढ़ोतरी की घोषणा की थी। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही अप्रैल-जून 2023 के लिए सिर्फ एक छोटी बचत योजना की ब्याज दर में बदलाव हुआ था। तब 5 साल के राष्ट्रीय बचत पत्र पर ब्याज 0.70 फीसदी बढ़ाकर 7.7 फीसदी कर दिया गया था। हालांकि यह लगातार तीसरी तिमाही थी, जब छोटी बचत योजनाओं में से किसी स्कीम की ब्याज दर बढ़ाई गई है। इस बदलाव से पहले तक सबसे ज्यादा 8.2 फीसदी तक का ब्याज वरिष्ठ नागरिक बचत योजनाओं पर मिल रहा था।

# टाटा नेक्सॉन ईवी की बिकी 50,000 यूनिट्स

### -कंपनी के नाम से बिक रही गाडी



**नई दिल्ली ।**

टाटा नेक्सॉन ईवी की देश में 50,000 यूनिट्स बिक चुकी हैं। इसका खुलासा करते हुए कंपनी ने इसे एक बड़ी उपलब्धि बताया है। टाटा नेक्सॉन ईवी केवल तीन साल में यह 50,000 यूनिट की बिक्री हासिल करने वाली पहली इलेक्ट्रिक कार बन गई है।

### टाटा नेक्सॉन ईवी को दो वर्जन

प्राइम और प्राइम मैक्स में बेचा जा रहा है। टाटा मोटर्स ने नेक्सॉन ईवी के नए मॉडलों में सॉफ्टवेयर अपडेट देने के साथ कई नए फीचर्स को भी जोड़ा है। वर्तमान में कंपनी देश के 500 से भी ज्यादा शहरों में नेक्सॉन ईवी की बिक्री कर रही है। वहीं संयुक्त रूप से नेक्सॉन ईवी कारें 90 लाख किलोमीटर का सफर तय कर चुकी हैं। टाटा मोटर्स का कहना है कि बड़े शहरों के साथ-साथ छोटे शहरों में भी ग्राहक इसकी डिमांड कर रहे हैं।टाटा मोटर्स ने अपनी इलेक्ट्रिक कारों को चार्जिंग की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए देश भर में 6,000 से ज्यादा चार्जिंग स्टेशन लगाए हैं।

कंपनी का मानना है कि देश में काफी तेजी से इलेक्ट्रिक व्हीकल एडॉप्शन बढ़ रहा है, जिसके चलते हमे आने वाले समय में और अधिक ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाने की जरूरत होगी।टाटा नेक्सॉन ईवी प्राइम में फुल चार्ज पर 312 किमी की ड्राइव रेंज मिलती है, जबकि नेक्सॉन ईवी मैक्स फुल चार्ज पर 453 किमीकी रेंज ऑफर करती है। नेक्सॉन ईवी प्राइम में कंपनी ने 30.2 केडब्ल्यूएच की बैटरी का इस्तेमाल किया है, वहीं मैक्स में 40.5 केडब्ल्यूएच की बैटरी लगाई गई है।नेक्सॉन ईवी मैक्स में 10.25-इंच टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम (अन्य वेरिएंट में समान 7-इंच यूनिट), सिंगल-पेन सनरूफ, एक ऑटो-डिमिंग आईआरवीएम, एयर प्यूरीफायर और एक वायरलेस फोन चार्जर भी मिलता है। इसमें हवादार फ्रंट सीटें और क्रूज कंट्रोल भी मिलता है। बैटरी के हिसाब से दोनों कारों का पॉवर भी अलग-अलग है। नेक्सॉन प्राइम में जहां 127.0 बीएचपी का पॉवर मिलता है, वहीं मैक्स अधिक पॉवरफुल वेरिएंट है जिसमें 141.04 बीएचपी की पावर मिलती है।

# डब्ल्यूसीपीएल में खेलती नजर आएगी ये श्रेयंका पाटिल, लीग में खेलने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन रचा इतिहास

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पुरुष खिलाड़ियों के अलावा अब महिला खिलाड़ी भी देश और दुनिया में दमदार प्रदर्शन कर रही है। महिला क्रिकेट को भी अब नई राह मिल रही है। महिला क्रिकेट खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से बीसीसीआई ने अन्य देशों की लीग में खेलने की अनुमति दे रही है, जो पुरुष खिलाड़ियों के पास नहीं है।

इस छूट के कारण ही भारतीय खिलाड़ी श्रेयंका पाटिल को महत्वपूर्ण मौका मिला है। इसके तहत अब 21 वर्षीय खिलाड़ी श्रेयंका महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग में खेलेंगी। वेस्टइंडीज की इस लीग में खेलने वाली श्रेयंका पहली भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगी। बता दें कि युवा ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल से गुयाना एमेजॉन वारियर्स ने करार किया है।

जानकारी के अनुसार महिला कैरेबियाई प्रीमियर लीग 31 अगस्त से 10 सितंबर तक खेली जायेगी। वहीं बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) द्वारा महिला खिलाड़ियों को विदेशी लीग में खेलने की अनुमति दिए जाने के कारण भारतीय टीम की कई महिला खिलाड़ी जैसे कप्तान हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा और ऋचा घोष समय समय पर आस्ट्रेलिया में डब्ल्यूबीबीएल और इंग्लैंड में 'द हंड्रेड' से खेलती रही हैं।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के लिए महिला प्रीमियर लीग में खेलने वाली श्रेयंका पहली महिला खिलाड़ी होंगी जिन्हें सीनियर अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने से पहले ही किसी विदेशी लीग से अनुबंध की पेशकश की गयी हो। उन्हें हांगकांग में महिला एमर्जिंग एशिया कप में 'प्लेयर ऑफद टूर्नामेंट' चुना गया था।

### श्रेयंका ने किया था धमाकेदार प्रदर्शन

बता दें कि बीते महीने ही हॉन्ग कॉन्ग में इमर्जिंग एशिया कप टूर्नामेंट का आयोजन हुआ था। इस टूर्नामेंट में श्रेयंका ने धमाकेदार गेंदबाजी की थी। श्रेयंका ने दो मुकाबलों में 7 ओवर डाले थे, जिसमें 15 रन देकर नौ विकेट चटकाने में सफलता हासिल की थी। फाइनल मुकाबले में भी श्रेयंका ने चार विकेट चटका कर भारतीय टीम को जीत दिलाने में अहम योगदान दिया था। इस शानदार और अद्भुत प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफद टूर्नामेंट खिताब दिया गया था।



# लुसाने डायमंड लीग में गोल्ड जीतकर नीरज चोपड़ा ने कहा, मैं अभी भी अपने सर्वश्रेष्ठ से दूर हूं




**लुसाने (एजेंसी)।** ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने चोट से वापसी पर करते हुए लुसाने में पहला स्थान हासिल करके लगातार दूसरी बार डायमंड लीग का खिताब अपने नाम किया। नीरज ने 87.66 मीटर जैवलिन थ्रो के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ शीर्ष स्थान हासिल करते हुए गोल्ड अपने नाम किया। इस जीत के बाद उन्होंने कहा कि वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से कोसों दूर हैं और एक महीने के लंबे ब्रेक के बाद वापसी पर वह वास्तव में काफी घबराए हुए थे।

डायमंड लीग में गोल्ड जीतने के बाद चोपड़ा ने कहा, 'चोट से वापसी करते हुए मैं थोड़ा घबराया हुआ महसूस कर रहा था। आज रात यहां थोड़ी ठंड थी। मैं अभी भी अपने सर्वश्रेष्ठ से दूर हूं, लेकिन मुझे लगता है कि यह बेहतर हो रहा है। मुझे राहत है कि यह मेरे लिए अच्छा हो रहा है। जीत तो जीत होती है और मैं इसे खुशी से लूंगा।'

इस 25 वर्षीय एथलीट ने पांचवें प्रयास में 87.66 मीटर थ्रो के साथ डायमंड लीग का खिताब जीता। उन्होंने कहा, 'मैं जीतना चाहता था इसलिए मैं परिणामों से बहुत खुश हूं लेकिन मैं प्रशिक्षण पर वापस जाना चाहता हूं और कुछ चीजें ठीक करना चाहता हूं जो मैंने देखीं और जो मुझे मजबूत बनाएंगी। लुसाने हमेशा मेरे साथ अच्छा व्यवहार करती है। पिछले साल मैं जीता था और इस साल भी, इसलिए मैं अगले साल फिर से आने और फिर से जीतने की उम्मीद कर रहा हूं! अगली प्रतियोगिता बुडापेस्ट, मेरे लिए बहुत बड़ी होगी!'

भारतीय सुपरस्टार ने 5 मई को दोहा में सीजन की शुरुआती डायमंड लीग मीटिंग 88.67 मीटर के थ्रो के साथ जीती थी। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर है।

# वर्ल्ड चैंपियनशिप में नहीं जा पाएगी श्रीलंका, नीदरलैंड ने कर दिया काम तमाम

**बुलावायो (एजेंसी)।** नीदरलैंड ने श्रीलंका को जोर का झटका लगाया है, जिसके चलते वह अब शायद ही वर्ल्ड कप खेल पाएगी। नीदरलैंड की टीम ने एक बार फिर जोरदार प्रदर्शन किया और वर्ल्ड कप क्वालिफायर के एक मुकाबले में पूर्व वर्ल्ड चैंपियन श्रीलंका को संघर्ष करने के लिए मजबूर कर दिया। इस में धनंजय डिसिल्वा के करियर की सर्वश्रेष्ठ 93 रन की पारी और महीश तीक्ष्णा के 3 विकेट के दम पर श्रीलंका ने वनडे वर्ल्ड कप के क्वालिफायर के मैच में नीदरलैंड को 21 रन से हराया। ग्रुप राउंड में नीदरलैंड ने 2 बार की वर्ल्ड चैंपियन टीम वेस्टइंडीज को मात दी थी। श्रीलंका और जिम्बाब्वे ने सुपर-6 में जीत के साथ शुरुआत की है। दोनों ही टीमों के 6-6 अंक हो गए हैं। वहीं वेस्टइंडीज अपने तीनों मैच में दर्ज भी करती है, तो भी उसके 6 ही अंक होंगे। नेट रनरेट भी माइनस में है। ऐसे में उसका क्वालिफाई करना अब बेहद मुश्किल है।

मैच के दौरान श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही थी। टीम के 5 विकेट सिर्फ 67 रन पर गिर गए थे। इसके बाद धनंजय डिसिल्वा ने 8 चौके और 2 छक्के की मदद से 93 रन बनाए। हालांकि वे शतक जड़ने से चूक गए और 111 गेंद का सामना किया। वानिंदु हसारंगा ने 20 तो महीश तीक्ष्णा ने अहम 28 रन बनाए। पूरी टीम 47.4 ओवर में 213 रन पर सिमट गई। इसके बाद बारिश के चलते नीदरलैंड को 40 ओवर में 214 रन का लक्ष्य मिला था। वहीं नीदरलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 374 रन बनाकर मैच पहले टाई कराया था। फिर सुपर ओवर में रोमांचक जीत दर्ज की थी। श्रीलंका के खिलाफ नीदरलैंड की ओर से कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने नाबाद 67 रन बनाए। उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से श्रीलंकाई टीम की धड़कन बढ़ा दी थी। इसके अलावा वेस्ले बारेसी ने भी 52 रन की पारी खेली। इन दोनों को दूसरे बल्लेबाजों को साथ नहीं मिला।

# पाकिस्तान विश्व कप स्थलों के निरीक्षण के लिए सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल भारत भेजेगा

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान इस साल के आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) एकदिवसीय विश्व कप के लिए अपनी टीम को यात्रा मंजूरी देने से पहले आयोजन स्थलों का निरीक्षण करने के लिए एक सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल भारत भेजने की तैयारी कर रहा है। अंतर-प्रांतीय समन्वय (खेल) मंत्रालय के एक आधिकारिक सूत्र ने कहा कि ईद की छुट्टियों के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के नये अध्यक्ष के चुने जाने के बाद विदेश और गृह मंत्रालय सहित सरकार तय करेगी कि सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल को भारत कब भेजा जाए।




इस सूत्र ने कहा, 'सुरक्षा प्रतिनिधिमंडल पीसीबी के प्रतिनिधित्व के साथ उन स्थानों का निरीक्षण करने जाएगा जहां विश्व कप के दौरान पाकिस्तान खेलेगा। यह प्रतिनिधिमंडल सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण करेगा।' उन्होंने कहा कि प्रतिनिधिमंडल 15 अक्टूबर को भारत-पाकिस्तान मैच के आयोजन स्थल चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता और अहमदाबाद का दौरा करेगा।

उन्होंने कहा, 'भारत के किसी भी दौरे से पहले क्रिकेट बोर्ड के लिए सरकार से अनुमति लेने का चलन है। सरकार दौरे से पहले आम तौर पर भारत में एक प्रतिनिधिमंडल भेजती है।' उन्होंने कहा, 'प्रतिनिधिमंडल मैच स्थल के अधिकारियों से बातचीत करेगा और टूर्नामेंट के लिए जाने वाले हमारे खिलाड़ियों, अधिकारियों, प्रशंसकों और मीडिया के लिए सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा और निरीक्षण करेगा।'


उन्होंने कहा कि अगर प्रतिनिधिमंडल को लगेगा कि पाकिस्तान के लिए निर्धारित स्थान के बजाय किसी अन्य स्थान पर खेलना बेहतर होगा, तो वह अपनी रिपोर्ट में इसका उल्लेख करेगा। उन्होंने कहा, 'अगर प्रतिनिधिमंडल को कोई चिंता है तो पीसीबी रिपोर्ट को आईसीसी और बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के साथ साझा करेगा।'

पीसीबी के एक सूत्र ने पुष्टि की कि जब पिछली बार पाकिस्तान टी20 विश्व कप के लिए भारत गया था, तो सरकार ने आयोजन स्थलों का निरीक्षण करने के लिए एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल भेजा था। उन्होंने कहा, 'प्रतिनिधिमंडल की सिफारिश पर ही भारत के खिलाफ धर्मशाला (2016 टी20 विश्व कप) में पाकिस्तान का मैच कोलकाता में स्थानांतरित किया गया था।'

सूत्र ने कहा कि पाकिस्तान की विश्व कप में भागीदारी की पुष्टि तभी की जाएगी जब सरकार पीसीबी को मंजूरी दे देगी। इस बीच पाकिस्तान हॉकी महासंघ अगस्त में चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम भेजने के लिए मंजूरी का इंतजार कर रहा है। हाल ही में देश की फुटबॉल टीम सरकारी निकायों से अंतिम समय में एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) मिलने के बाद ही बेंगलुरु में सैफ चैंपियनशिप में खेली थी। वनडे विश्व कप पांच अक्टूबर से 19 नवंबर तक 10 भारतीय शहरों में खेला जाएगा।

# मनिका बत्रा, शरत कमल डब्ल्यूटीटी जगरेब कंटेंडर से बाहर हुए

जगरेब : भारत के शीर्ष महिला और पुरुष टेबल टेनिस खिलाड़ी क्रमश- मनिका बत्रा और अचिंत शरत कमल डब्ल्यूटीटी कंटेंडर के अपने-अपने प्री-क्वार्टर फाइनल मैच हार गए जिससे एकल वर्ग में देश की चुनौती शनिवार को यहां समाप्त हो गई। मनिका और शरत को अपने से बेहतर रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ 0-3 के समान अंतर से हार का सामना करना पड़ा। मनिका को विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज शिन यूबिन ने 13-11, 11-5, 16-14 से हराया जबकि विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान के खिलाड़ी चीन के लिन शिडोंग ने शरत को एकतरफा मुकाबले में 11-6, 11-7, 11-5 से शिकस्त दी।



# न्यूजीलैंड की ऑफ स्पिनर ने मैच के दौरान 11 ओवर फेंक दिए

गॉल। न्यूजीलैंड की ऑफ स्पिनर ईडन कार्सन ने गॉल में श्रीलंका के खिलाफ दूसरे महिला वनडे मैच में एक अजीब रिकॉर्ड अपने नाम किया। कार्सन ने मैच के दौरान 11 ओवर फेंक दिए। ऑन-फील्ड अंपायरों और मैच अधिकारियों ने गलती पर ध्यान नहीं गया और कार्सन ने अपने 11 ओवरों में 41 रन देकर दो महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। 45वें ओवर की समाप्ति के बाद कार्सन ने अपना कोटा पूरा कर लिया था।



हालांकि एक बड़ी गलती के कारण उन्हें 47वें ओवर में एक्शन में लौटना पड़ा। वहीं न्यूजीलैंड ने 116 रन की शानदार जीत के साथ सीरीज बराबर कर ली और निर्णायक मुकाबले के लिए मजबूर होना पड़ा। पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने कप्तान सोफी डिवाइन और अमेलिया केर के शतकों की बदौलत 50 ओवरों में 329/7 का विशाल स्कोर बनाया। केर और डिवाइन ने तीसरे विकेट के लिए 229 रन जोड़े, जो न्यूजीलैंड के लिए तीसरा सबसे बड़ा और श्रीलंका में महिला वनडे में सबसे बड़ा है। जहां केर ने 106 गेंदों में 108 रन बनाए वहीं डिवाइन ने 121 गेंदों में 17 चौकों की मदद से 137 रन बनाए। श्रीलंका के लिए ओशादी रणसिंघे ने तीन विकेट लिए जबकि उदेशिका प्रबोधनी ने भी दो विकेट लिए। जवाब में कविशा दिलहारी ने 84 रनों की पारी खेली, लेकिन उन्हें अन्य बल्लेबाजों से कोई मदद नहीं मिली। ली ताहुहु ने चार विकेट लिए जिससे श्रीलंका आठ गेंद शेष रहते 213 रन पर आउट हो गई। सीरीज का आखिरी वनडे 3 जुलाई को खेला जाएगा। वनडे सीरीज के बाद तीन मैचों की टी20 सीरीज होगी।

**न्यूजीलैंड टीम:** सोफी डिवाइन (कप्तान), सुजी बेट्स, बर्नाडाइन बेजुइडेनहाउट, ईडन कार्सन, इज़ी गेज़, मैडी ग्रीन, ब्रुक हॉलिडे, फैन जोनास, अमेलिया केर, जेस केर, रोज़मेरी मायर, मौली पेनफ़ोल्ड, जॉर्जिया प्लिमर, हन्ना रोवे, ली ताहुहु।

# चेतेश्वर पुजारा को टेस्ट से बाहर करना एक सकारात्मक कदम: पूर्व क्रिकेटर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर लालचंद राजपूत ने कहा है कि वेस्टइंडीज दौरे के लिए बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा को टेस्ट टीम से बाहर करना एक ÷सकारात्मक कदम÷ है, क्योंकि इसका उद्देश्य 2023-25 तक अगले आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र के लिए युवाओं को तैयार करना है। 12 जुलाई से शुरू होने वाले वेस्टइंडीज दौरे के लिए पुजारा को भारतीय टेस्ट टीम से बाहर कर दिया गया था। ऐसा तब हुआ जब 100 से अधिक टेस्ट खेलने वाला यह अनुभवी खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल में अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहा। रुतुराज गायकवाड़ और यशस्वी जयसवाल को घरेलू क्रिकेट और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन के लिए उनके पहले टेस्ट कॉल-अप के साथ पुरस्कृत किया गया।

लालचंद ने कहा, 'यह एक सकारात्मक कदम है। हमें अगले डब्ल्यूटीसी चक्र के लिए तैयारी करनी होगी। आपको युवाओं को धीरे-धीरे लाना होगा। आपको उन्हें तैयार करना होगा, उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की कठिनाइयों में शामिल करना होगा। उम्मीद है, अधिक युवा खिलाड़ियों



को मौका दिया जाएगा। देश का प्रतिनिधित्व करें। रुतुराज और जयसवाल ने बहुत रन बनाए हैं। उन्हें टेस्ट कैप देने से आपकी बेंच स्ट्रेंथ को बढ़ावा होगा।'

लालचंद राजपूत ने इसी के साथ सरफराज खान को टीम में ना शामिल करने पर भी सवाल उठाए। मुंबई के स्टार सरफराज खान को राष्ट्रीय टीम में शामिल नहीं किए जाने पर राजपूत ने कहा कि रणजी ट्रॉफी का प्रदर्शन एक खिलाड़ी के लिए उच्चतम स्तर पर लंबे प्रारूप में खेलने के लिए अनुभव और विशेषज्ञता हासिल करने का आधार है। उन्होंने कहा, 'अगर वह रन बना रहा है लेकिन तीन साल बाद भी उसे मौके नहीं मिल रहे हैं, तो कुछ कारण होगा। मुझे नहीं पता कि कारण क्या है। लेकिन उसे मौका दिया जाना चाहिए था।'

सरफराज पिछले कुछ सीजन से अपने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में शानदार फॉर्म से गुजर रहे हैं। दाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने 37 प्रथम श्रेणी मैचों में 79.65 की शानदार औसत और 13 शतकों के साथ 3505 रन बनाए हैं। घरेलू क्रिकेट में उनकी सर्वोच्च पारी 301* है। 2022-23 रणजी ट्रॉफी सीज़न में, सरफराज ने 92.66 की शानदार औसत से 556 रन बनाए। उन्होंने 6 मैचों में तीन शतक भी लगाए हैं। मुंबई का ये बल्लेबाज रणजी ट्रॉफी 2021-2022 में अग्रणी रन-स्कोरर भी था, जिसने छह टेस्ट में 122.75 की औसत के साथ 982 रन बनाए। उनके नाम चार शतक थे। 2019-2020 में, वह रणजी ट्रॉफी में शीर्ष पांच रन बनाने वालों में से थे। उन्होंने छह मैचों में 154.66 की औसत से 928 रन बनाए, जिसमें तीन शतक और 301* रन की करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी शामिल है।

# भारत ने एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप के फाइनल में ईरान को दी पटखनी

बुसान। पवन सहरावत के अलावा असलम इनामदार और अर्जुन देशवाल के बहुमूल्य योगदान की बदौलत भारत ने बुसान में एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप के फाइनल में ईरान को हरा दिया। भारत का यह आठवां एशियाई चैम्पियनशिप स्वर्ण पदक है। कई दिग्गजों की गैर मौजूदगी में मैदान पर उतरे ईरान के खिलाफ भारत को जीत दर्ज करने में कोई मुश्किल नहीं आई। सईद गफरी, मोईन शफागी और अमीर मोहम्मद के साथ-साथ मोहम्मदरेज़ा शादलूई चियानेह का उपयोगी योगदान ईरान के लिए स्कोरबोर्ड को टिके रखने में महत्वपूर्ण था, लेकिन ईरानी आक्रमण अपने भारतीय समकक्ष की क्षमता और निरंतरता से मेल नहीं खा सका। शादलूई के पांच अंक के प्रयास ने ईरान को भारत से दूर गति हासिल करने का करीबी मौका दिया। भारत के पक्ष में स्कोर 35-26 होने और घड़ी में काफी समय बचा होने के कारण, ईरान को घाटे को पाटने के लिए अपनी ताकत से खेलने की जरूरत थी। भारतीय रक्षापंक्ति ने शादलौई को लगभग उसी स्थान पर सीमित कर दिया, जहां वह मैट पर था। यहीं से ईरान पर दबाव पड़ा।

# जब मुझे लगेगा टीम के लिए योगदान नहीं दे पा रहा हूं : सुनील छेत्री

बेंगलुरु। फुटबाल की दुनिया से संन्यास की अटकलों को विराम देकर भारत के करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री ने कहा कि उन्हें लगता है कि टीम को उनकी सेवाओं की जरूरत है, इसकारण फिलहाल उनका संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है। 38 वर्षीय छेत्री ने कहा कि मुझे नहीं पता कि देश के लिए मेरा अंतिम मैच कब होगा। मैंने कभी भी लंबे समय के लक्ष्य नहीं बनाए, मैं अगले मैच के बारे में सोचता हूं, अगले 10 दिन के बारे में सोचता हूं। संन्यास एक न एक दिन जरूर लेना पड़ेगा मगर फिलहाल मैं उस दिन के बारे में नहीं सोचता। छेत्री ने मौजूदा सैफ चैम्पियनशिप के तीन मैचों में पांच गोल जमाए हैं। उन्होंने कहा कि मैंने खुद के लिए कुछ मानदंड तय किए हैं जिनके बारे में मैं सोचता हूं। मैं टीम के लिए योगदान कर पा रहा हूं या नहीं। मैं गोल कर पा रहा हूं या नहीं, जितनी कड़ी ट्रेनिंग करना चाहता हूं, उतनी कर पाता हूं या नहीं। ये कुछ मानक हैं जो मुझे बताने वाले हैं कि मैं इस टीम के लिए ठीक हूं या नहीं। जिस दिन मुझे लगा कि ऐसा नहीं है, तब मैं खेल को अलविदा कह दूंगा क्योंकि फिर मेरे खेलने के लिए कोई और कारण नहीं होगा। उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं बता सकता कि यह (संन्यास) एक साल बाद होगा या फिर 6 महीने बाद। मेरा परिवार भी इसके बारे में अटकलें लगा रहा है और जब भी वे इसका जिक्र करते हैं, तब मैं मजाकिया अंदाज में उन्हें अपने आंकड़े बता देता हूं। लेबनान के खिलाफ महत्वपूर्ण मुकाबले के बारे में उन्होंने कहा कि लेबनान मजबूत टीम है और उन्हें हल्के में लेना भारी पड़ सकता है।

# एशेज सीरीज 2023 में इंग्लैंड की रणनीति पर पीटरसन ने रखे विचार

**लंदन (एजेंसी)।** एशेज सीरीज 2023 का पहला मुकाबला जीतने के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम दूसरे मुकाबले में भी मजबूत दिख रही है। ऑस्ट्रेलियाई टीम तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक अपनी दूसरी पारी में 2 विकेट के नुकसान पर 130 रन बनाकर और अपनी दूसरी पारी में 221 रनों की बढ़त ले चुकी है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड का दूसरे टेस्ट में भी प्रदर्शन साधारण रहा है और इंग्लैंड की बैजबॉल रणनीति पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। इसी बीच इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने इंग्लैंड की रणनीति में बदलाव को लेकर अपने विचार साझा किए हैं।

पीटरसन ने विचार किया कि क्या इंग्लैंड के दृष्टिकोण में बदलाव से उन्हें अपनी तरफ गति लाने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा, क्या आपको लगता है कि आप श्रृंखला के बीच में एक क्रिकेट टीम के रूप में रणनीति बदल सकते हैं? मुझे पता है कि यह सब बजबॉल के बारे में है, और हम इस तरह से खेलने जा रहे हैं, हम हमेशा जीत का पीछा करेंगे। कौन जानता है, ये हो सकता हैं सबसे अविश्वसनीय चौथी पारी है और उसका पीछा करो, और हम यहां बैठकर सबसे बड़ी बातें कर रहे हैं। लेकिन क्या वे, इस ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ, वे जो कर रहे हैं उसमें छेड़छाड़ कर सकते हैं, क्योंकि उन्होंने इस सप्ताह और पिछले सप्ताह क्या किया है, पिछले मैच में निश्चित रूप से ये काम नहीं आया। पीटरसन ने इसके साथ दूसरे टेस्ट मैच के दौरान शॉर्ट बॉल के साथ इंग्लैंड के संघर्ष पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि सतह के कारण बल्लेबाजों के लिए इस पर शॉर्ट गेंदें खेलना मुश्किल हो रहा है।

# जिम्बाब्वे के खिलाफ हार के बाद ओमान को एक और झटका, आईसीसी ने लगाया भारी जुर्माना

बुलावायो। जिम्बाब्वे के खिलाफ आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) विश्व कप क्वालीफायर मैच में धीमी ओवर गति के लिए ओमान पर मैच फीस का 40 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। आईसीसी मैच रेफरी के अंतरराष्ट्रीय पैनल के मोहम्मद जावेद ने तय समय में ओमान को दो ओवर कम गेंदबाजी करने के कारण सजा सुनाई। न्यूनतम ओवर गति से जुड़े अपराधों से संबंधित आईसीसी की खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ की आचार संहिता के नियम 2.22 के अनुसार खिलाड़ियों पर उनकी टीम के निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर कम फेंकने पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाता है। कप्तान जीशान मकसूद ने प्रस्तावित सजा को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं हुई। इस बीच ओमान के खिलाड़ी कलीमुल्लाह को मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल एक का उल्लंघन करने के लिए फटकार लगाई गई है। कलीमुल्लाह को खिलाड़ियों और सहयोगी कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। यह 'ऐसी भाषा, कार्यों या इशारों का उपयोग करने से संबंधित है जो अपमानजनक हैं या अंतरराष्ट्रीय मैच में बल्लेबाज के आउट होने पर उसकी आक्रामक प्रतिक्रिया को भड़का सकती हो। इसके अलावा कलीमुल्लाह के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमैरिट अंक जोड़ा गया है। यह 24 महीने की अवधि में उनका पहला अपराध है।

# आतिशबाजी, और एक कस्टम ड्रोन शो के साथ 13 जुलाई को शुरु होगा मेजर लीग क्रिकेट

**टेक्सास (एजेंसी)।** अमेरिका की पेशेवर क्रिकेट लीग 13 जुलाई को आतिशबाजी, एरोबेटिक एरियल डिस्प्ले और एक कस्टम ड्रोन शो के साथ लांच होगी। मेजर लीग क्रिकेट का उद्घाटन मैच डलास क्षेत्र के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में होगा और इस मैच की लिए ज्यादातर टिकटें बिक चुकी हैं। मेजर लीग क्रिकेट का पहला मैच टेक्सास सुपर किंग्स और एंजिल्स नाइट राइडर्स के बीच खेला जाएगा। इस मैच से पहले उद्घाटन समारोह में अमेरिकी राष्ट्र गान होगा, जिसमें ग्रैंड प्रेयर पुलिस और फायर डिपार्टमेंट के अधिकारी एक विशाल अमेरिकी ध्वज थामे रहने वाले हैं।

उद्घाटन समारोह में एक एरोबेटिक एरियल डिस्प्ले जीबी1 गेमबर्ड द्वारा प्रदर्शित कि जाएगी, जो गेम से पहले प्रशंसकों के लिए उत्साह बढ़ाएगा। उद्घाटन मैच में पारी के ब्रेक के दौरान ड्रोन शो की प्रस्तुति होगी, जो मेजर लीग क्रिकेट में प्रतिस्पर्धा करने वाली टीमों के आगमन को प्रदर्शित करेगा। मैच के समापन के बाद आतिशबाजी ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम को जगामगा देगी। इस लीग में कुल छह टीमें हिस्सा ले रही हैं और यह लीग 13 जुलाई से लेकर 30 जुलाई तक खेली जाएगी।

इस लीग में भाग लेने वाले सुपरस्टार खिलाड़ियों में अफगानिस्तान के टी20 कप्तान राशिद खान, दक्षिण अफ्रीका के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर फाफ डु प्लेसिस और डेविड मिलर, वेस्टइंडीज के सुनील नरेन, कीरोन पोलार्ड और आंद्रे रसेल, ऑस्ट्रेलियाई मार्कस स्टोइनिस और आरोन फिंच, इंग्लैंड के जेसन रॉय, जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा, श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा, भारत के अंबाती रायडू और न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट शामिल हैं।

मेजर लीग क्रिकेट के सह-संस्थापक समीर मेहता ने कहा, मेजर लीग क्रिकेट की शुरुआती रात मैदान के अंदर और बाहर प्रशंसकों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव होगा। ड्रोन शो, आतिशबाजी और अमेरिकी खेल आयोजनों की पारंपरिक प्रस्तुति से मेजर लीग क्रिकेट के उद्घाटन मैच में प्रतिस्पर्धा करने वाले दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों के लिए एक रोमांचक मंच प्रदान करेगा।



# गुजरात दंगों के मामले में तीस्ता से तलवाड को हाईकोर्ट से बड़ा झटका, तत्काल सरेंडर करने का आदेश



**अहमदाबाद।** गुजरात हाईकोर्ट से सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सेतलवाड को आज बड़ा झटका लगा है। गुजरात हाईकोर्ट ने तीस्ता की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने नियमित जमानत की मांग की थी। हाईकोर्ट ने तीस्ता सेतलवाड को तुरंत पुलिस के समक्ष सरेंडर करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने तीस्ता के वकील की उस मांग को भी खारिज कर दिया है, सुप्रीम कोर्ट में अपील करने तक उनके मुवक्कील को 30 दिन की राहत देने की मांग की गई थी। बता दें कि तीस्ता सेतलवाड पर 2002 के गुजरात दंगों से जुड़े मामलों में सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने और गवाहों को ट्रेनिंग देने का आरोप है। इतना ही नहीं तीस्ता पर 2002 दंगों के केस में फर्जी दस्तावेज और हलफनामे के आधार पर गुजरात और तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी को बदनाम करने का भी आरोप है। अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने इस मामले में पूर्व तीस्ता सेतलवाड के अलावा पूर्व डीजीपी आरबी श्रीकुमार, पूर्व आईपीएस संजीव के खिलाफ केस दर्ज किया था और यह मामले सत्र न्यायालय में विचाराधीन है। इस मामले में तीस्ता सेतलवाड की गिरफतारी के बाद सुप्रीम कोर्ट ने सितंबर 2022 को उन्हें अंतरिम जमानत दी थी। सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद तीस्ता सेतलवाड को अहमदाबाद के साबरमती जेल से रिहा किया गया था। उस वक्त सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि गुजरात हाईकोर्ट तीस्ता सेतलवाड को नियमित जमानत पर फैसला कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को क्लीन चिट देने की एसआईटी की रिपोर्ट को चुनौती देने वाले जाकिया जाफरी की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह भी कहा था कि तीस्ता सेतलवाड ने अपने स्वार्थ सिद्ध करने में व्यस्त है। सुप्रीम कोर्ट ने आरबी श्रीकुमार और संजीव भट्ट के जरिए फर्जी हलफनामा दाखिल करने का भी उल्लेख किया था।

गुजरात हाईकोर्ट के न्यायधीश निर्जल देसाई ने 12 दिनों की दलीलें सुनने के बाद शनिवार को तीस्ता सेतलवाड को नियमित जमानत देने से इंकार कर दिया। गुजरात सरकार की ओर से हाईकोर्ट में दलील दी गई कि आरोपी द्वारा जांच में सहयोग नहीं मिल रहा है। आरोपी ने कई फर्जी हलफनामे दाखिल किए हैं, जिसकी जांच करना जरूरी है। सरकारी वकील की दलील को मान्य रखते हुए हाईकोर्ट ने तीस्ता सेतलवाड की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी और आदेश दिया कि वह तत्काल पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दे। बचाव पक्ष के वकील ने हाईकोर्ट से उसके फैसले पर 30 दिन के लिए रोक लगाने की मांग की, ताकि उनकी मुवक्कील सुप्रीम कोर्ट में अपील कर सके। लेकिन गुजरात हाईकोर्ट ने तीस्ता सेतलवाड के वकील की यह मांग भी खारिज कर दी।

# लंदन के डिप्टी हाई कमिश्नर ने किया लक्ष्मीपति मिल का दौरा



**सूरत भूमि, सूरत।** शनिवार को ब्रिटिश सरकार के डिप्टी हाई कमिश्नर स्टीफ़न हौकिंग ने पांडेसरा स्थित लक्ष्मीपति मिल का दौरा किया । उनके साथ ब्रिटिश हाई कमीशन के मिलिंद गोडबोले एवं नंदिता राजपूत भी थी । लक्ष्मीपति ग्रुप के डायरेक्टर संजय सरावगी ने सभी का स्वागत किया । इस दौरान पुरे डेलिगेशन ने कपडे की प्रोसेस को समझा । दौरे के दौरान डिप्टी हाई कमिश्नर स्टीफ़न हौकिंग ने लंदन और भारत के बीचमे व्यापार को लेकर विस्तृर्त चर्चा की । उन्होंने लंदन के बड़े ब्रांड यहाँ पर कैसे उत्पादन कर सके एवं यहाँ के ब्रांड्स में सुविधा दे आदि पर चर्चा की । इस दौरान उन्होंने रक्षा क्षेत्र, हैवी इंजीनियरिंग, फैशन आदि में दोनों तरफ से व्यापार हो सकने पर जोर दिया । अपने दौरे के दौरान ब्रिटिश सरकार के डिप्टी हाई कमिश्नर स्टीफ़न हौकिंग ने दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन देते हुए आमंत्रण दिया ।

# 26 वर्षीय विवाहित युवक ने 12 साल की लड़की से कई बार किया दुष्कर्म, मामले के दो आरोपी गिरफ्तार



**अहमदाबाद।** शहर के अमराईवाडी क्षेत्र में 12 साल की नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर 26 वर्षीय शादीशुदा युवक ने उसके साथ एक महीने के भीतर 10 से अधिक बार दुष्कर्म किया। पीड़िता के पुलिस थाने में शिकायत करने के बाद आरोपी ने जहरीली दवाई पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। आरोपी का फिलहाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी की मदद करने के आरोप में एक महिला और एक युवक को गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही शुरू की है। अहमदाबाद के अमराईवाडी पुलिस थाने में 12 वर्षीय किशोरी की माता ने अपनी बेटी के साथ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

जिसमें आरोप लगाया है कि 26 वर्षीय संजय वाघेला नामक विवाहित युवक ने उसकी बेटी को बहला फुसलाकर एक महीने में कई बार जबरन शारीरिक संबंध बनाए। किशोरी ने पुलिस को बताया कि संजय वाघेला उसे अपने गिरीश सिंधव और किंजल नामक महिला के घर ले जाता था। जहां गिरीश अपने घर में बाहर से ताला लगाकर चला जाता था। जिसके बाद संजय वाघेला उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाता था। किशोरी के इंकार के बावजूद संजय वाघेला उसके साथ दुष्कर्म करता था। आरोपी संजय ने किशोरी को धमकी दी थी कि अगर उसने किसी को कुछ बताया तो वह आत्महत्या कर लेगा और उसके परिवार को फंसा देगा। जिससे पीडति किशोरी एक महीने तक संजय वाघेला हवस का शिकार होती रही। मामला पुलिस थाने में पहुंचने पर संजय ने जहरीली दवाई गटगटा ली। फिलहाल संजय को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि उसकी मदद करने वाले गिरीश सिंधव और किंजल नामक महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही शुरू की है।

# प्रेमी को पाने के लिए मां ढाई साल के बेटे की गला घोंटकर मौत के घाट उतारा




**सूरत ।** शहर के डिंडोली क्षेत्र में ढाई साल के बच्चे की हत्या की घटना सामने आई है। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ कि माता ने प्रेमी को पाने के लिए अपने बेटे को मौत के घाट उतार दिया और उसका शव निर्माणाधीन बिल्डिंग की लिफ्ट के पेसेज में फैंक लापता होने की थाने में रिपोर्ट दर्ज करवा दी। लेकिन महिला की चालाकी काम नहीं आई और पुलिस ने हत्या के आरोप में उसे गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ की मूल निवासी 22 वर्षीय नयना सुखनंदन मंडावी सूरत के डिंडोली क्षेत्र के कराडवा रोड पर निर्माणाधीन बिल्डिंग में पिछले दो साल से अपनी माता सुमन और बेटे वीर उर्फ भोन्दू के साथ रहती है और वहीं मजदूरी करती है। गत 28 जून को नयना ने पुलिस को बताया कि उसका ढाई साल का बेटा वीर कल से लापता हो गया है। डिंडोली पुलिस ने गुमशुदगी के मामला दर्ज कर बच्चे की तलाश शुरू कर दी। हांलाकि दो दिन की तलाश के बाद पुलिस को बच्चा नहीं मिला। वैसे पुलिस को पहले से नयना पर संदेह था। पुलिस ने जब नयना के साथ सख्ती की तो उसने बेटे की हत्या की बात कबूल कर ली। बाद में नयना बेटे के शव को छिपाने के बारे में पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। पहले बताया कि उसे जमीन में दफना दिया है, पुलिस ने जेसीबी की मदद से बताई जगह खुदवाई लेकिन बच्चे का शव नहीं मिला। कभी नयना ने कहा कि शव तालाब में फैंक दिया। जिसके बाद पुलिस ने और सख्ती दिखाई तब नयना ने कल शाम कबूल किया कि उसने ही अपने बेटे की गला घोंटकर हत्या की है और उसका शव निर्माणाधीन बिल्डिंग के पेसेज में फैंक दिया है। जिसके आधार पर पुलिस ने निर्माणाधीन बिल्डिंग की लिफ्ट के पेसेज से बच्चे का शव बरामद कर लिया। पुलिस जांच में पता चला कि नयना पांच साल से अपने पति से अलग रह रही थी। नयना ने अपने प्रेमी को पाने के लिए बेटे की हत्या की होने का पूछताछ में खुलासा हुआ है।

# अहमदाबाद-जोधपुर के बीच दौड़ेगी वंदे भारत ट्रेन, 7 जुलाई को पीएम मोदी दिखाएंगे हरी झंडी



**अहमदाबाद।** गुजरात और राजस्थान को एक और वंदे भारत ट्रेन मिलने जा रही है। यह वंदे भारत ट्रेन अहमदाबाद के साबरमती से राजस्थान के जोधपुर के बीच चलेगी। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी । जुलाई को इस ट्रेन का शुभारंभ करवाएंगे। हांलाकि फिलहाल यह तय नहीं है कि पीएम मोदी ट्रेन का उदघाटन वर्च्युअल करेंगे या जोधपुर पहुंचकर हरी झंडी दिखाएंगे। साबरमती-जोधपुर के बीच वंदे भारत ट्रेन शुरू होने से पहले 4 जुलाई को इसका ट्रायल होगा। यह ट्रेन अहमदाबाद के साबरमती से जोधपुर के बीच 5 स्टेशनों पर खड़ी रहेगी। वंदे भारत ट्रेन के संचालन से पहले रेलवे ने बड़ा कदम उठाया है। साबरमती-जोधपुर के वंदे भारत ट्रेन के सफल संचालन के लिए अहमदाबाद से जोधपुर जानेवाली । ट्रेनों के समय में फेरबदल किया गया है। आगामी 4 जुलाई को जोधपुर की भगत की कोठी और साबरमती के बीच ट्रायल रन होगा, जिसके बाद । जुलाई से इसका संचालन किया जाएगा। जिसके लिए मदार कोचिंग डिपो पर जोधपुर के रेलवे स्टाफ को ट्रेनिंग दी जाएगी। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री । जुलाई को इस ट्रेन का उदघाटन करेंगे। हांलाकि फिलहाल यह नहीं है कि वह वर्च्युअली इसका उदघाटन करेंगे या इसके लिए पीएम मोदी जोधपुर जाएंगे। फिलहाल स्टाफ को ट्रेनिंग देने की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उत्तर-पश्चिम रेलवे हेड क्वार्टर द्वारा मंडल रेल प्रबंधक जोधपुर को एक पत्र जारी किया गया है, जिसमें । जुलाई को वंदे भारत ट्रेन का उल्लेख किया गया है। साथ ही यह भी कहा गया है कि इसके लिए रेक जल्द ही उपलब्ध होंगे। साबरमती-जोधपुर के बीच वंदे भारत सप्ताह में 6 दिन चलेगी और रविवार को इसका मेंटेनन्स होगा। साबरमती-जोधपुर के बीच वंदे भारत ट्रेन गुजरात के मेहसाणा, पालनपुर, राजस्थान के आबू रोड, फालना और पाली समेत 5 स्टेशनों पर रुकेगी। सोमवार से शनिवार के दौरान वंदे भारत ट्रेन साबरमती से प्रति दिन 16.45 बजे रवाना होकर रात 10.45 बजे भगत की कोठी पहुंचेगी। भगत की कोठी से प्रति दिन सुबह 6 रवाना होकर दोपहर 12.05 बजे साबरमती पहुंचेगी। जानकारों के मुताबिक फिलहाल केवल रूट तय किया गया है, किराया नहीं। अगर जयपुर से दिल्ली के बीच चल रही वंदे भारत ट्रेन से तुलना की जाए तो साबरमती-भगत की कोठी के बीच किराया रु. 800 से रु. 1600 हो सकता है। इसमें दो कैटेगरी है। पहली चेयर कार और दूसरी एक्जिक्युटिव। चेयर कार में रु. 800 और एक्जिक्युटिव केटेगरी में रु. 1600 किराया हो सकता है। जिसमें रिजर्वेशन, सुपरफास्ट, जीएसटी और कैटरिंग चार्ज शामिल है।

# शेल्बी हॉस्पिटल में मनाया गया राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस




सूरत। शेल्बी हॉस्पिटल में शनिवार को राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस उत्साह से मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम में 50 से अधिक डॉक्टरों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया और अपने अनुभव व सिद्धि मरीजों के साथ शेयर की। सूरत और वापी के क्लस्टर हैड डॉ.सुप्रिया सरकार ने मरीजों की सप्ताह के सातों दिन, चौबीस घंटे देखभाल व उपचार करने वाले डॉक्टरों की अटूट प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर उपस्थित चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर ( डिप्टी ष्टह) डॉ.दुष्यंत पटेल ने डॉक्टरों की सेवा की भावना और मानवीय अभिगम की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मरीजों की देखभाल में डॉक्टरों के अविरत प्रयास सही मायने में प्रशंसनीय रहे। कार्यक्रम में मौजूद मरीजों ने शेल्बी अस्पताल में उनके सकारात्मक उपचार के अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम में डॉक्टरों को सम्मानित करने के लिए एचडीएफसी बैंक की ओर से ट्रॉफी स्पॉन्सर की गई थी। बैंक के वाइस प्रेसिडेंट और क्लस्टर हैड श्रीमती जल्पा शाह, रांदेर रोड के ब्रांच मैनेजर श्री अब्बास नेवटीवाला सहित आमंत्रित मेहमानों के हाथों डॉक्टरों को सम्मानित किया।

गौरतलब है कि शेल्बी हॉस्पिटल श्रेष्ठ स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है और हॉस्पिटल के डॉक्टर के समर्पण और व्यावसायिकता की निष्ठा पूर्ण प्रशंसा करता है।

# जियो स्टूडियोज प्रस्तुत करता है फिल्म "बचुभाई", सिद्धार्थ रांदेरिया स्टारर फिल्म का टीजर रिलीज




मशहूर अभिनेता सिद्धार्थ रांदेरिया ने हमेशा अपनी कॉमेडी टाइमिंग से दर्शकों को हंसाया है। कई फिल्मों और नाटकों में अभिनय करने के बाद, अब वह एक अनोखी गुजराती फिल्म "बचुभाई" में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। इस फिल्म का टीजर 30 जून को रिलीज हो चुका है। यह फिल्म 21 जुलाई 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। टीजर देखने के बाद दर्शक इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जियो स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत यह फिल्म पैनोरमा स्टूडियोज द्वारा दुनिया भर में वितरित की जाएगी।

फिल्म 'बचुभाई' में सिद्धार्थ रांदेरिया के अलावा अपरा मेहता, अमित सिंह ठाकुर, नमन गोर, पूर्वी पालन आदि भी अहम भूमिका निभाते नजर आएंगे। जियो स्टूडियोज के बैनर तले ज्योति देशपांडे, शरद पटेल और श्रेयांशी पटेल द्वारा निर्मित और एसपी सिनेकॉर्प द्वारा निर्मित, यह फिल्म राहुल भोले और विनीत कनौजिया द्वारा निर्देशित है। यह एक हल्की-फुल्की कॉमेडी फिल्म और संपूर्ण पारिवारिक मनोरंजक फिल्म है। यह फिल्म दुनिया भर में पैनोरमा स्टूडियो द्वारा रिलीज की जा रही है। "बचुभाई" गुजराती फिल्म जगत को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# कारखाने की दीवार अस्थायी तंबू पर गिरी, चार बच्चों की मौत

**हालोल।** गुजरात के हालोल के कारखाने की दीवार के अस्थायी तंबू पर गिरने के कारण पांच साल से कम उम्र के चार बच्चों की मौत हो गई। यह घटना पंचमहल जिले के हालोल तालुका में भारी बारिश के बाद हुई। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में दो बच्चों सहित पांच अन्य लोग घायल हो गए। जिन बच्चों की मौत हुई है, उनमें चिरिराम डामोर (5), अभिषेक भूरिया (4), गुनगुन भूरिया (2) और मुस्कान भूरिया (5) शामिल हैं।

प्रभावित परिवार हालोल तालुका के चंद्रपुरा गांव में एक रासायनिक कारखाने के पास स्थित एक निर्माण स्थल पर मजदूर के रूप में काम करते हैं। भारी बारिश से जमीन धंस गई और कारखाने की दीवार मजदूरों के तंबू पर गिर गई। इस घटना में मरने वालों के अलावा, दो महिलाओं और दो बच्चों सहित पांच अन्य लोग घायल हो गए। घायल पीड़ितों को चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए त्वरित कार्रवाई की गई।

# दुबई अविस्मरणीय छुट्टियों के लिए पारिवारिक स्वर्ग स्थल के रूप में उभर रहा है

**राष्ट्रीय ।** जब यादगार केमिली छुट्टियों की बात आती है तो दुबई एक आदर्श गंतव्य के रूप में सामने आता है क्योंकि यह सभी उम्र के लोगों के लिए मजेदार अनुभव प्रदान करता है। सीधी उड़ान कनेक्टिविटी और निर्बाध वीज़ा प्रक्रिया के साथ भारतीय पर्यटकों के लिए दुबई आसानी से उपलब्ध है, जो इसे त्वरित पारिवारिक छुट्टी या लंबी यादगार यात्रा के लिए एक आकर्षक विकल्प बनाता है।

अल्पकालिक पारिवारिक छुट्टियों के साथ-साथ ठहरने के लिए प्रतिष्ठित स्थानों की यात्रा अवश्य करें, जो आपकी दुबई यात्रा को सार्थक बना देंगे:

एक्वावेंचर दुनिया का सबसे बड़ा वॉटरपार्क है, जिसमें 105 से अधिक स्लाइड, आकर्षण और अनुभव हैं। रेजिंग रैपिड्स से लेकर टॉवर ऑफ पोसीडॉन और लीप ऑफ फेथ तक, आप और आपका परिवार रोमांचकारी सवारी और आकर्षणों का सामना कर सकते हैं जो आपको और अधिक चाहने पर मजबूर कर देंगे। पार्क में 1 किमी का निजी समुद्र तट भी है जहां मेहमान आराम कर सकते हैं और दुबई के प्रतिष्ठित क्षितिज के शानदार दृश्यों का आनंद ले सकते हैं।

ग्रीन प्लैनेट एक अनोखा "बायो-डोम" है जिसमें उष्णकटिबंधीय वर्षावन वातावरण में 3000 से अधिक पौधे और जानवर रहते हैं। परिवार विभिन्न प्रकार के पक्षियों, सरीसृपों और मछलियों को देख सकते हैं, जो सभी खुले आवासों में रहते हैं जो उनके प्राकृतिक आवासों से काफी मिलते जुलते हैं। यह एक है बच्चों के लिए लुप्तप्राय प्रजातियों सहित दुनिया भर में विभिन्न पौधों और जानवरों की प्रजातियों के बारे में जानने का शानदार शैक्षिक अवसर।

भविष्य का संग्रहालय एक वास्तुशिल्प आश्चर्य है जहां परिवार नवीन और भविष्यवादी विचारधाराओं का पता लगा सकते हैं। इंटरएक्टिव प्रदर्शन प्रौद्योगिकी और स्थिरता में नवीनतम प्रगति को उजागर करते हैं, जिसमें आभासी वास्तविकता अनुभव और इमर्सिव डिस्प्ले शामिल हैं। यह परिवारों के लिए एक साथ मौज-मस्ती करते हुए प्रौद्योगिकी और नवाचार के भविष्य के बारे में जानने का एक शानदार अवसर है।

यदि आपके पास अधिक समय है और आप लंबी पारिवारिक छुट्टियों की तलाश में हैं, तो यहां कुछ और अनुभव दिए गए हैं जिन्हें आप अपनी छुट्टियों की सूची में जोड़ सकते हैं। लेगोलैंड होटल उन परिवारों के लिए एक आदर्श विकल्प है जो दुबई में अपने प्रवास का विस्तार करना चाहते हैं। होटल में 250 थीम वाले कमरे और सुइट हैं जिनमें जीवंत लेगो सजावट है। होटल विभिन्न प्रकार के भोजन विकल्प, एक लेगो खेल क्षेत्र, दैनिक लेगो निर्माण गतिविधियाँ और एक आउटडोर पूल भी प्रदान करता है। आस-पास के थीम पार्क और वॉटरपार्क तक आसान पहुंच के साथ हमेशा कुछ नया ढूंढें।

दुबई पार्क और रिसॉर्ट्स मध्य पूर्व में सबसे बड़ा थीम पार्क गंतव्य है। दुबई पार्क और रिसॉर्ट्स में मोशनगस दुबई, लेगोलैंड दुबई और लेगोलैंड वॉटर पार्क सभी एक अविश्वसनीय स्थान पर हैं। 100 से अधिक रोमांचकारी सवारी, कई परिवार-अनुकूल आकर्षण और मनोरम लाइव शो के साथ, आगंतुक पूरे दिन अंतहीन मनोरंजन का आनंद ले सकते हैं।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, सम्पादक: संजय रमाशंकर मिश्रा द्वारा ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सुरत ( गुजरात ) प्रिन्टर्स- भूनेश्वरा प्रिन्टर्स, प्लाट नं. 29, परमानन्द इण्डस्ट्रीयल सोसायटी, चौकसी मील के पास, उधना मगदल्ला रोड़ ( गुजरात ) से मुद्रित एवं ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सूरत ( गुजरात ) से प्रकाशित। कार्यालय फोन: 0261-2274271, ( न्यायिक क्षेत्र सूरत रहेगा )